दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 04 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 226 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे मेरठ में बैठक

### गाजियाबाद के सभी विधायक होंगे इस मीटिंग में शामिल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मेरठ में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम छह बजे मेरठ के ऊर्जा भवन में बैठक लेंगे। ये बैठक पीडब्ल्यूडी, नगर विकास और पर्यटन की कार्ययोजनाओं से संबंधित होगी। इस बैठक में मेरठ मंडल में आने वाले सभी जिलों के प्रशासनिक पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस बैठक में गाजियाबाद की सभी विधानसभाओं के विधायक शामिल होंगे।



# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1494 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

### बोले- पुलिस में 30 हजार कार्मिकों की और होगी भर्ती



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश पुलिस को हर प्रकार से समृद्ध करने का अभियान जारी है। उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष वरीयता में है और इसी को अधिक मजबूत करने के क्रम में 60,244 सिपाहियों की भर्ती के बाद यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 1494 युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति-पत्र वितरित किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जल्द ही 30 हजार और कार्मिकों की भर्ती की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड जल्दी भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस में भर्ती होने वाले कार्मिकों में 20 प्रतिशत अग्नि वीरों को भी शामिल किया जाएगा। इससे हमें प्रशिक्षित कार्मिक मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई भतीजावाद चलता था। हर पद की बोली लगती थी। पूरा प्रदेश दंगों की चपेट में था। अयोध्या और काशी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी आतंकी हमले होते थे। उस दौर में गुंडाराज, आतंकी हमले, और युवाओं का पलायन आम बात थी, लेकिन आज की यूपी एक निवेश का केंद्र बन चुका है। आज पूरे देश में कानून व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।

# बिजली विभाग वाली बैठक में सांसद-विधायकों ने लगातार हो रही विद्युत कटौती पर उठाए सवाल





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बिजली विभाग से जुड़ी योजनाओं को लेकर एक बैठक में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि पहुंचे। इनमें लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी सहित अन्य जनप्रतिनिधि थे।




इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने विद्युत विभाग से जुड़ी कई समस्याओं को रखा। यहां विद्युत कटौती का मामला उठा तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सुझाव दिया कि जिस तरह से विद्युत का बिल उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन पर आता है उसी तरह से ये एसएमएस भी आना चाहिए कि विद्युत आपूर्ति कितनी देर में और कब तक बहाल होगी।

लोक सभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि विभाग एसएमएस सेवा का अधिक इस्तेमाल करे और इसके लिये य्दि उसे कोई सॉफ़्टवेयर की आवश्यकता है तो उसे वो उपलब्ध कराया जायेगा। इस बैठक में बार-बार बिजली जाने का मुद्दा छाया रहा और यह बात भी उठी कि लिखित में कारण बताए जाएं।

इसके अलावा फ्री होल्ड कॉलोनी में 70 रुपए फिट चार्ज लिये जा मुद्दा उठा और कहा कि किसी से तो ये चार्ज ले लिया जाता है और बहुत से लोग ये चार्ज नहीं देते, ऐसा नहीं होना चाहिए। शहर विधायक संजीव शर्मा ने सुझाव दिया कि यदि तार बदलने का भी काम होना है तो इसे सर्दियों में किया जाए। आपूर्ति बहाल की जाए। लोगों को पता ही नहीं बिजली किस कारण से गई है। वहीं मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच ने तथा जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने इस बैठक में यह तय कराया कि किसानों को दस घंटे बिजली एकसाथ दी जाए ताकि वो अपना कृषि संबंधित कार्य एकसाथ कर सकें। यहां पर इस बैठक में अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि पश्चिमांचल विद्युत विभाग लाभ में हैं, यहां लाइन लॉस कम है।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यकाल का लगा शानदार शतक

## 68 बदमाशों के एनकाउंटर के साथ क्राइम कंट्रोल, व्यावहारिक पुलिसिंग का गया संदेश

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 16 अप्रैल को गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर के रूप में आईपीएस अधिकारी जे रविंदर गौड ने कमान संभाली थी। गाजियाबाद में चार्ज लिए हुए उनका 100 दिन का कार्यकाल पूरा हो चुका है। बीते 100 दिनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा कई नए आयाम स्थापित किए गए हैं। तो वहीं लगातार अपराध नियंत्रण को लेकर बदमाशों पर गोली से प्रहार किया जा रहा है। बीते 100 दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में पुलिस ने 68 बदमाशों को गोली मारकर एनकाउंटर में घायल किया है। तो वहीं साइबर क्राइम रोकने को लेकर बीते दिनों नई शुरूआत कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में की गई है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जहां साइबर थाने का शुभारंभ किया है। तो वहीं खोड़ा के आधुनिक थाने को भी जल्द ही शुरू करने का प्रयास जारी है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद वाले सिस्टम में पांच नए थानों के लिए भूमि आवंटित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम रख दिए गए हैं। तो वहीं कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारने के लिए लगातार एसीपी से लेकर थाना प्रभारियों के स्तर में बदलाव भी किए गए हैं।



इसके साथ ही गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था को सुधारने को लेकर पुलिस कमिश्नर जहां अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के नोटिस भिजवा रहे हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट के सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में अब अतिरिक्त एसीपी को ट्रैफिक का जिम्मा सौंपा गया है। तो वहीं ट्रैफिक निरीक्षकों के लिहाज से जो पहले छह जोन हुआ करते थे, उनको बढ़ाकर नौ कर दिया गया है। वहीं ताबड़तोड़ घटना करने वाले बदमाशों पर भी पुलिस नजर रखे हुए हैं। बड़े खुलासे भी किया जा रहे हैं।

बीते दिनों लिंक रोड थानाक्षेत्र में ज्वैलर्स की दुकान में जिस तरीके से घुसकर बदमाशों ने तांडव मचाया था, ऐसे बदमाशों का पुलिस ने खुलकर इलाज किया। बदमाश के दोनों पैरों में गोली मारी ,तो उसके साथी को भी पुलिस ने लंगड़ा करने का काम किया था। वहीं लोगों के महंगे फोन खोने और उनके बारे में सुराग न लगने की समस्या को सुलझाते हुए बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन पुलिस ने 211 महंगे मोबाइल फोन बरामद करने का काम किया था। तो वहीं थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा टप्पेबाजी कर लोगों के लाखों रुपए ठगने वाले बदमाशों को भी पुलिस ने सलाखों के पीछे भेजा है। इसके साथ ही घंटाघर कोतवाली थानाक्षेत्र में एटीएम से लाखों रुपए की चोरी के मामले का भी खुलासा बेहतर ढंग से किया गया।

इसमें लगभग 12 लाख 50 हजार रुपए के आसपास की रकम चोरी हुई। जिसमें पुलिस ने 10 लाख रुपए से अधिक रकम बरामद करने में सफलता हासिल की है। कांवड़ यात्रा और मुख्यमंत्री के महत्वपूर्ण कार्य को भी सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में गाजियाबाद पुलिसिंग और कानून व्यवस्था से लेकर जनप्रतिनिधियों और आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया जा रहा है। खुद पुलिस कमिश्नर प्रतिदिन जनसंवाद करते हैं। तो वहीं अधिकारियों के साथ उनकी ऑनलाइन मीटिंग का भी कमिश्नरेट प्रणाली में असर देखने को मिल रहा है।

## जनप्रतिनिधियों से भी मजबूत किया है संवाद, पुलिस के इंफ्रास्ट्रक्चर को किया बेहतर

### 100 दिन में 68 एनकाउंटर कर, बदमाशों को खाकी का जवाब



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते 100 दिनों के कमिश्नर के कार्यकाल के दौरान तीनों जोन जिसमें सिटी ,ग्रामीण और ट्रांस हिंडन आता है यहां के डीसीपी, एसीपी और क्राइम पर काम करने वाली टीमों के बदौलत 68 बदमाशों को पुलिस ने गोली मारकर गिरफ्तार किया है। कई बड़े मामलों में पुलिस ने शत प्रतिशत बरामद की भी की है। तो लिंक रोड थाने में हुई ज्वैलर्स के लूट के मामले का खुलासा, एटीएम चोरी का खुलासा और 211 लोगों के मोबाइल फोन बरामद करने का परिणाम बता रहा है कि गाजियाबाद पुलिसिंग व्यवस्था सुधर रही है।

### पुलिस कमिश्नर खुद संभाल रहे हैं जनसुनवाई की कमान



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईपीएस अधिकारी आईजी जे रविंद गौड ने गाजियाबाद में चार्ज संभालने के बाद जहां पुलिसकर्मियों को बेहतर संवाद और जनता के साथ सामंजस स्थापित करने का निर्देश दिया था। तो इसके बाद उन्होंने बीट पुलिसिंग को लेकर बड़ा अभियान शुरू किया। वहीं फरियादियों को थाने में एफआईआर प्राप्त करने के लिए चक्कर न लगाने पड़े इसको लेकर नई सुविधा शुरू की गई है। तो पुलिस कमिश्नर 16 अप्रैल से लेकर अब तक रविवार को छोड़कर ड्यूटी पर प्रतिदिन जनसुनवाई करते हैं। तो वहीं बीते दिनों उनके द्वारा जिस तरीके से एसीपी और थाना प्रभारी के साथ ऑनलाइन जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू किया है, उससे भी जनता को लाभ मिल रहा है।

### कमिश्नरेट में सुधारा जा रहा है इंफ्रास्ट्रक्चर

करंट क्राइम : आईपीएस अधिकारी जे रविंदर गौड ने गाजियाबाद में कमिश्नर के रूप में चार्ज लेने के बाद से गाजियाबाद पुलिस के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने और उसके बेहतरीकरण को लेकर महत्वपूर्ण कदम रखे हैं।




उन्होंने जहां घंटाघर कोतवाली, खोड़ा थाना और पुलिस ऑफिस में आगंतुक कक्ष का निर्माण करवाया है। तो वही महिला सेल को भी बेहतर ढंग से संचालित करने के प्रयास किए हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के मुख्य पुलिस ऑफिस, रिजर्व पुलिस लाइन की कैंटीन से लेकर अन्य कई कार्यालयों को सुधारने एवं उनका आधुनिकरण कराने का काम चल रहा है। पुलिस ऑफिस अब पहले से ज्यादा रोशन और जगमग नजर आता है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की मुख्य बिल्डिंग में बनाई गई आधुनिक कैंटीन भी किसी बड़ी कंपनी के कैफे से कम नजर नहीं आती है। वहीं पुलिसकर्मियों के लिए जनरेटर, इंफ्रास्ट्रक्चर, मोबाइल फोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम चल रहा है। तो वहीं बीते दिनों यूपी- 112 को पांच वाहन प्रदान करके इस सेवा को बेहतर और सशक्त बनाने का भी काम किया गया है।

### जे रविंदर गौड ने जन प्रतिनिधियों से भी मजबूत किया है संवाद

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जहां पूर्व के अधिकारियों पर जनप्रतिनिधियों से दूरी बनाकर रखने और ठीक प्रकार से सामंजस ना होने के आरोप लगाते थे। तो उस दिशा में सुधार करते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों से बेहतर संवाद स्थापित किया गया है। तो वहीं फोन पर भी संपर्क रखते हैं। उनसे कई जनप्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर जो शिकायतें की उन्होंने उसका भी समय रहते समाधान करवाने का काम किया है। जो उनकी वर्किंग के स्टाइल और सरकार की मंशा के अनुरूप दिए गए निदेशों को बता रहा है।

### घटनाओं पर रहते हैं ऑन द स्पॉट और करवाते हैं प्रमुखता से खुलासे

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जो भी क्राइम की बड़ी घटनाएं हुई हैं, ऐसे मामलों में खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड मौके पर पहुंचते हैं और वह क्राइम कंट्रोल करने वाली टीमों के साथ खुद भी संवाद स्थापित करते हैं। उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते हैं। जिस प्रकार से कुछ माह पूर्व कवि नगर थानाक्षेत्र में आइसक्रीम कंपनी के कैशियर के साथ लूट हुई थी, उस घटना में पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे। तो वहीं बीते दिनों लिंक रोड थानाक्षेत्र में मानसी ज्वैलर्स के यहां दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के बाद वह मौके पर गए थे। उनके साथ एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल और एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव भी मौके पर मौजूद रही थी। वहीं खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर स्वॉट टीम को इस घटना के खुलासे और महत्वपूर्ण सुराग लगाने के निर्देश दिए गए थे।







### ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए लगातार बनाए जा रहे हैं नए प्लान



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड यातायात व्यवस्था में सुधार लाने और आमजन को ट्रैफिक बाधित होने से आने वाली परेशानी को दूर करने के लिए कई नए प्रयास कर रहे हैं। तो नई प्लानिंग भी समय-समय पर की जा रही हैं। बीते दिनों जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में एक-एक अतिरिक्त एसीपी ट्रैफिक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तो वहीं अब कमिश्नरेट सिस्टम में ट्रैफिक इंस्पेक्टर और दो दर्जन से अधिक ऐसे स्थान जहां पर अधिक दुर्घटनाएं और वह हॉटस्पॉट हैं, 24 घंटे यातायात पुलिस की तैनाती का भी प्लान बनाया गया है। इसके साथ ही लोनी जैसे इलाके की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सीज होने वाले वाहनों को खड़ा करने के लिए उपयुक्त स्थान तलाशने का भी कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नर के आने के बाद से ड्रिंक एंड ड्राइव, तो वहीं वाहनों की सघन चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान भी प्रमुखता के साथ चलाया जा रहा है।

### ऑपरेशन सवेरा और साइबर क्राइम को लेकर फैलाई जा रही है जागरूकता






करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीनों ही जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ऑपरेशन सवेरा और साइबर अवेयरनेस को लेकर कार्यक्रम कराए जाएं। इसके तहत हाई राइज बिल्डिंग, प्रमुख इंस्टीट्यूशंस और सरकारी व निजी संस्थाओं को भी इसमें शामिल किया जाए ताकि लोगों के साथ साइबर अपराध की घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की गाढ़ी कमाई पर साइबर ठग आसानी से अटैक ना कर पाएं। इसके लिए शनिवार और रविवार को एसीपी प्रियाश्री पाल और एसीपी रितेश त्रिपाठी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम भी किए गए हैं। वहीं ऑपरेशन सवेरा के तहत बुजुर्ग लोगों को परेशान ना होना पड़े और पुलिस उनकी मदद कर सके इसके लिए भी बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा दिशा निर्देश दिए गए थे।

### ऑफिस कैंटीन और लाइन हो रही है हाईटेक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के आने के बाद उन्होंने पुलिस मुख्यालय में बैठना शुरू किया। तो वहां की बिल्डिंग, कैंटीन और अन्य अधिकारियों के कार्यों को पहले से ज्यादा आधुनिक और सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। आईपीएस जे रविंदर गौड का प्रयास है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों के बिल्डिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर और आधुनिक बनाया जाए।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# राजनगर रामलीला में 10 अगस्त को होगी भूमि पूजा और हनुमान जी की पताका की स्थापना

## कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर इस साल होने वाली रामलीला की समीक्षा की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में होने वाली रामलीला महोत्सवों की तैयारी शुरू हो गई है। राजनगर रामलीला कमेटी के सदस्यों की रविवार को बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि 10 अगस्त को भूमि पूजन और हनुमान जी की पताका की स्थापना की जाएगी।

इसके लिए राजनगर में श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से तैयारी आरंभ कर दी गई है। आगामी 10 अगस्त को भूमि पूजन कर हनुमान जी की पताका की स्थापना की जाएगी। इस संबंध में एक बैठक रामलीला मैदान में आयोजित की गई, जिसमें निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया तथा सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता ने बताया कि आगामी 16 सितंबर से होने वाली रामलीला महोत्सव के लिए प्रारंभिक सभी तैयारियां पूर्ण कर दी गई हैं। प्रथम दिन डांडिया नाइट, अगले दिन खाटू श्याम की भजन संध्या के साथ और 18 सितंबर से रामलीला महोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। संस्था के मुख्य मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हाईटेक रामलीला का मंचन होगा तथा मेले की व्यवस्था भी शानदार होगी। बैठक में रामलीला महोत्सव के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया तथा सभी को कार्ड वितरित किए गये ताकि अधिक से अधिक निवासियों तक इस निमंत्रण पत्र को पहुंचाया जा सके।

इस बैठक में राजनगर रामलीला के पूर्व महामंत्री आर एन पाण्डेय, महामंत्री उअ दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, के. पी. गुप्ता, दीपक कांत गुप्ता, सुंदरलाल यादव, मोती लाल गर्ग अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, मुकेश मित्तल, मनीष वशिष्ठ, दिनेश शर्मा, आलोक मित्तल, विनोद कुमार, आर के मित्तल, मदनलाल हरित, योगेश गोयल, ओम प्रकाश भोला, विजय लुम्बा, गोल्डी सहगल, राजीव गुप्ता, राजीव कुमार त्यागी, पंकज भारद्वाज, योगेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल सहित अन्य कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# दिसंबर माह में होने वाली गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा के सातवें वार्षिक समारोह का आगाज

## मीटिंग में सभी सदस्यों के सुझाव के आधार पर समारोह की रूपरेखा बनाई गई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सृजनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत और उमंग एवं उत्साह के वातावरण में गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा की एक महत्वपूर्ण मीटिंग अशोक श्रीवास्तव द्वारा निर्मित पूर्वांचल भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में गाजियाबाद के अलग-अलग कायस्थ सभाओं के प्रतिनिधि, सभा के सहयोगी सदस्यों और चित्रांश समाज के एक्टिव और प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही।

बैठक की अध्यक्षता गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा के मुख्य संयोजक अनुरंजन श्रीवास्तव ने की। उन्होंने बताया कि जहां संकल्प होता है वहां संगठन अपने आप आकार लेने लगता है और इसी विचारधारा को साकार करते हुए गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा पिछले एक दशक से कार्य कर रही है और जनपद में रह रहे चित्रांश परिवारों से जुड़कर एक मजबूत चित्रांश महापरिवार का निर्माण कार्य चल रहा है।



### चित्रगुप्त सभा अपने महापरिवार की एक अपडेटेड डायरेक्टरी पब्लिश करेगी

**करंट क्राइम।** सभा के सभी सदस्यों ने इस वर्ष दिसंबर माह में होने वाली वार्षिक समारोह को शानदार और यादगार बनाने का संकल्प लिया। मीटिंग में सभी सदस्यों के सुझाव के आधार पर समारोह की रूप रेखा बनाई। अगले कुछ दिनों में अलग अलग कमेटी बनाई जाएगी जो अपने अपने कार्यों में लग जाएंगी। इस वर्ष गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा अपनी महापरिवार की एक अपडेटेड डायरेक्टरी भी पब्लिश करेगी जिसमें गाजियाबाद में रह रहे अधिक से अधिक चित्रांश परिवारों की जानकारी सम्मिलित होगी। पिछले कई महीनों से चल रही कायस्थ कनेक्ट अभियान के तहत जनपद में रह रहे सभी चित्रांश परिवारों से संपर्क का काम हो रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समारोह में देश के अलग-अलग जगहों से चित्रांश लोग शामिल होंगे। बैठक में आए सभी लोगों ने समाज के उत्थान हेतु पूरे जोश और समर्पण भाव से सहभागिता करने के संकल्प को दोहराया। अनिल सिन्हा बैठक में आए सभी सदस्यों के लिए नाश्ते का प्रबंध किया। मीटिंग में मुख्य रूप से डॉक्टर गौरव सक्सेना, डॉक्टर बीना श्रीवास्तव, डॉक्टर विवेक कुमार, प्रकाश कर्ण, विशाल गौतम, प्रशांत सिन्हा, राहुल प्रकाश, सुयश प्रसाद, संतोष श्रीवास्तव, वरुण सक्सेना, प्रमोद श्रीवास्तव, सुनील सक्सेना, संदीप श्रीवास्तव, सुधीर माथुर, विधान श्रीवास्तव, सचिन सक्सेना, रमेश श्रीवास्तव, राकेश अंबष्ट, अरुण श्रीवास्तव, रंजन श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, डी के श्रीवास्तव, पवन सक्सेना, आनंद श्रीवास्तव, अरविंद नारायण और जीतेश श्रीवास्तव सहित कई लोग शामिल हुए।

# संगमनगरी जलस्तर 86 मीटर के करीब पहुंचा, 2013 के बन रहे हालात, गंगा यमुना का उफान जारी



**प्रयागराज।** गंगा और यमुना ने खतरे के निशान पार कर दिया है। जलस्तर खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। नदियों का उफान अभी जारी है। स्थिति काफी भयावह हो गई है। रविवार को गंगा का जलस्तर 86 मीटर के करीब पहुंच गया है। बांध में रिसाव के चलते शनिवार देर रात हड़कंप मचा रहा। बालू भरी बोरी डालकर बांध को बचाने की कवायद की जाती रही। गंगा और यमुना के किनारों पर स्थित दो दर्जन से अधिक मुहल्लों के हजारों घर जलमग्न हो गए हैं। अब बाढ़ का पानी शहर के पाश इलाके अशोक नगर, राजापुर की तरफ बढ़ रहा है। पानी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भोर से ही हो रही मूसलाधार बारिश ने स्थिति को और भी भयावह कर दिया है। बाढ़ राहत शिविर में भीड़ काफी बढ़ गई है। दस हजार से अधिक लोग शरण लिए हुए हैं। यह संख्या और भी बढ़ रही है।

# 2017 से पहले होने वाली भर्तियों में हावी था भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद, अब युवाओं के लिए मौके



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। 2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों का लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था। इसका सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा। इससे दंगे, अराजकता, गुंडागर्दी, आतंकी घटनाएं बढ़ गयीं और जनता में असुरक्षा का माहौल बन गया। कभी अयोध्या, काशी और लखनऊ की कचहरी में हमले होते थे तो कभी आतंकी हमले। इस दौरान सीआरपीएफ कैंप रामपुर को भी निशाना बना गया। वहीं वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। अब तक हमारी सरकार साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है, जो पूरे देश में सबसे बड़ा आकड़ा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान सीएम ने चयनित कई अभ्यर्थियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किये।

### आठ वर्ष में पुलिस बल में 2,17,500 अभ्यर्थियों की भर्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में जो ऐतिहासिक बदलाव आए हैं, वे सिर्फ आंकड़ों की कहानी नहीं हैं, बल्कि एक नई पहचान, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में 2 लाख 17 हजार 500 से अधिक कार्मिकों की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जा चुकी है, जो देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में बीजेपी सरकार बनी, तो सबसे पहले भर्ती बोर्ड को मजबूत करने का काम किया गया। यह तय किया गया कि यदि किसी ने नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की भर्ती प्रक्रिया नजीर बन गयी है।

# यूपी में अब ड्रोन उड़ाया तो खैर नहीं गैंगस्टर और एनएसए की होगी कार्रवाई

## प्रमुख सचिव और डीजीपी को कमान



**लखनऊ।** यूपी में अब ड्रोन उड़ाकर दहशत फैलाने वालों की खैर नहीं रहेगी। उनके खिलाफ गैंगस्टर और ठरअ के तहत कार्रवाई होगी। इसकी निगरानी के लिए प्रमुख सचिव और डीजीपी को कमान सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश में ड्रोन के जरिये दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम योगी के कार्यालय ने दो टूक चेतावनी दी है।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून भी लगाया जाएगा। कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के ड्रोन चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव और डीजीपी को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 'आरोपी अकबर द्वारा युवती पर मानसिक दबाव डालकर बयान दिलवाया जा रहा है'

## युवती ने पत्र में किया जिक्र अकबर या उसके परिवार से नहीं रखना चाहती है संबंध

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता मीना भंडारी ने कहा कि इंदिरापुरम अभय खंड में युवती को भगा ले जाने के मामले में आरोपी अकबर की ओर से युवती पर वीडियो बनाकर बयान देने का दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने युवती द्वारा लिखे गए एक पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि युवती ने पत्र में लिखा कि वह पूरे होशो हवास से यह बयान देना चाहती है कि पिछले 9 साल से उसका संबंध अकबर से है।

जब वह नाबालिग थी, अकबर ने मानसिक और शारीरिक रूप से मेरा पूरा शोषण किया और मेरी फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। जिसमें मैं डर गई थी। 3 साल पहले अकबर ने मुझसे शादी के लिए पूछा और मुझे इन्हीं वीडियो को लेकर मुझे ब्लैकमेल किया जिससे मैं डर गई और दबाव में आकर स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी कर ली।

पत्र में युवती ने लिखा कि बाद में मुझे धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया और उसके परिवार ने हर चीज के लिए मुझ पर दबाव डालना शुरू कर दिया। मेरे परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी। और अब मैं जब अपने परिवार वालों के साथ हूं तो अकबर के परिवार के द्वारा मेरी गंदी फोटो और पर्सनल फोटो को सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है। अब मैं अकबर और उसके परिवार के किसी भी सदस्य से कोई संबंध नहीं रखना चाहती हूं। मीना भंडारी ने कहा कि आरोपी अकबर के दबाव में आकर युवती ने समाज के प्रतिष्ठित लोगों के खिलाफ जानबूझकर बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि उनकी या भाजपा नेताओं की ओर से युवती पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं डाला गया है। युवती आरोपी अकबर के दबाव में इस तरह का वीडियो बनाया है। बता दे की 2 दिन पहले अकबर और उसके साथियों ने देर रात युवती को लेकर फिर से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी अकबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कुलगाम में तीसरे दिन भी एनकाउंटर जारी...

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल देवसर इलाके में तीसरे दिन भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। आज तीसरे दिन एक और आतंकवादी मारा गया है। शनिवार को दो आतंकी मारे गए थे। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने कुलगाम जिले में शनिवार को लश्कर-ए-ताइबा के हारिस नजीर समेत दो आतंकियों को मार गिराया था। ये जिले में अखल के जंगल में छिपे थे। इसमें एक सैन्य अधिकारी के घायल होने की भी सूचना है। उन्हें श्रीनगर में सेना के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र में और आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका के चलते सैन्य ऑपरेशन जारी है। शनिवार की रात में गोलीबारी होती रही। पुलिस के एक अधिकारी ने दो आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि की। ड्रोन से दोनों के शव जंगल में पड़े देखे गए हैं। हारिस को सुबह मार गिराया गया तो दूसरे आतंकी को दोपहर को ढेर कर दिया गया। जबकि तीसरे आतंकी को रविवार को मारा गया।

# ग्रेनाइट खदान धंसने से ओडिशा के छह श्रमिकों की मौत तीन घायल, सीमए चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया



**पटना।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार सुबह एक दुखद हादसा हो गया, जब एक भारी ग्रेनाइट की चट्टान खदान में काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में छह प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा कैसे हुआ पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक विशाल चट्टान उन पर गिर पड़ी। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में लगता है कि बारिश या पानी के रिसाव की वजह से चट्टान कमजोर हो गई थी, जिससे वह गिर गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'घटना के समय कोई ब्लास्ट या भूकंप जैसी गतिविधि नहीं हुई थी। पूरी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम मौके पर भेजी गई है।' राहत और बचाव कार्य जारी हादसे के बाद पुलिस और खनन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास किए गए। वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने जताई संवेदना पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, 'यह बहुत ही दिल तोड़ देने वाली घटना है। ये मजदूर अपने परिवारों के लिए मेहनत कर रहे थे, और ऐसे में उनकी जान जाना बेहद दुखद है।

### सभी मजदूर ओडिशा के रहने वाले


जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में मारे गए और घायल हुए सभी मजदूर ओडिशा से आए हुए थे और खदान में काम कर रहे थे। वहीं इस घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोग और मजदूर संगठनों ने सरकार से मृतकों के परिवारों को मुआवजा और घायल मजदूरों को पूरी मदद देने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने जताया दुख

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने एक बयान में कहा, 'मैंने अधिकारियों से बात की है और घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए हैं। हादसे की पूरी जांच कराई जाएगी।'

# दुखद हादसा : बेकाबू बोलेरो कार नहर में गिरी 11 लोगों की मौत, चार घायल, सीएम ने जताया दुख

**गोंडा। करंट क्राइम।** गोंडा जिले में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें बेकाबू बोलेरो कार नहर में गिर गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताया है और जिला प्रशासन और पुलिस को तत्काल मौके पर जाकर राहत और बचाव कर में जताने के निर्देश दिए हैं।



जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार बोलेरो कर बेकाबू होकर नहर में जा गिरी कर गिरते ही आसपास के लोग मौके पर जाकर लोगों को बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी थी। इसके मुताबिक तेज रफ्तार बोलेरो कर में काबू होकर सरयू नदी में गिर गई मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल है कर में 15 लोग सवार थे चार गंभीर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि सभी लोग पृथ्वीनाथ मंदिर जल चढ़ाने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार गोंडा के मोतीगंज थाना के सीहागांव-खरगूपुर मार्ग के पास यह हादसा हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि लगातार बारिश की वजह से नहर के किनारे रास्ता फिसलन वाला हो गया था। बोलेरो की स्पीड थोड़ी ज्यादा थी। वो अचानक बेकाबू हो गई और देखते ही देखते नहर में जा समाई। आसपास मौजूद लोगों ने यह देखा तो दौड़कर वहां पहुंचे। लोगों ने डूब रहे लोगों को बचाने की कोशिश के साथ ही पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचवाया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों से मौके पर मौजूद रहकर राहत और बचाव का काम तेजी से कराने और घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। उन्होंने मृतकों के परिवारीजनों को 5-5 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया है। गोंडा जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के ही सीहा गांव के रहने वाले दो परिवारों के 15 लोग संयुक्त रूप से रविवार की सुबह बोलेरो से जिले के ही खरगूपुर में स्थापित पांडवकालीन प्रसिद्ध पृथ्वी नाथ मंदिर पर जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे। इटियाथोक थाना क्षेत्र के रेहरा गांव के पास वे पहुंचे ही थे कि बेकाबू होकर बोलेरो पटरी से सरयू नहर में जा गिरी।

आसपास के लोगों ने यह देखा तो दौड़कर वहां पहुंचे। उन्होंने नदी में गिरी बोलेरो के शीशे को तोड़कर उसमें से सभी को एक-एक कर बाहर निकाला। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल थे जिन्हें एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को नहर से बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार मरने वालों में बीना (35), काजल (22), महक (12), दुर्गेश, नंदिनी, अंकित, शुभ, संजू वर्मा, अंजू, अनसुइया, सौमिया शामिल हैं।

# शिमला के सुन्नी में चलती कार पर गिरी चट्टानें, एक मौत दो घायल




**शिमला।** जिला शिमला में मांदरी से चनावग की ओर जा रही सड़क में गलू दाड़गी नामक स्थान पर एक कार भूस्खलन की चपेट में आ गई। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। जिला शिमला के सुन्नी में दिनांक रविवार को सुबह करीब 11:00 बजे दिन मांदरी से चनावग की ओर जा रही सड़क में गलू दाड़गी नामक स्थान पर कार नंबर एचपी 21A 5022 अचानक से हुए भूस्खलन की चपेट में आने की घटना घटित हुई है। यह कार दाड़गी से गांव जम्मू की ओर जा रही थी।

इस कार में चालक विकास गांव जम्मू उम्र 43 वर्ष और नितेश कुमार गांव जम्मू उम्र 30 वर्ष व लेखराज गांव जम्मू डाकघर चनावग तहसील व थाना सुन्नी जिला शिमला उम्र करीब 37 वर्ष बैठे थे। अचानक हुई इस घटना में लेखराज की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

जबकि विकास व नितेश कुमार को चोटें आई हैं। जिन्हें इलाज के लिए तुरंत सिविल अस्पताल धामी भेजा गया है। इस घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। मृतक लेखराज के शव की पंचनामा कार्रवाई मौके पर पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सुन्नी लाया गया है।

मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों के हवाले किया जा रहा है। यह घटना अचानक से घटित हुई है। वहीं, पुलिस द्वारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली । सोमवार 04 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


करंट क्राइम ट्वीट का करंट

सिंह भक्ति
1h ·

"भारतीय पारंपरिक पोशाक से सुंदर कुछ भी नहीं है।"



# छोटी-छोटी बातों पर लोग ले रहे हैं जीवन खत्म करने के फैसले

## बीते 10 दिनों में सुसाइड के आए आधा दर्जन हैरान करने वाले मामले



### दसवीं के छात्र ने की आत्महत्या, तो युवती ने लगाई हाई राइज बिल्डिंग से छलांग और भाई-बहन ने खाया था सल्फास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोग जीवन में छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव में आ रहे हैं और जीवन को समाप्त कर ले रहे हैं। बीते 10 दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में अलग-अलग उम्र के लोगों के सुसाइड करने के ऐसे मामले सामने आए हैं, जो पुलिस के अधिकारियों से लेकर मनोचिकित्सकों को हैरान कर रहे हैं। ग्रामीण जोन के अंतर्गत मुरादनगर थानाक्षेत्र में एक दसवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तो वहीं सिहानी गेट में गुलमोहर सोसायटी में रहने वाली एक छात्रा ने बिल्डिंग से कूद कर जीवन लीला समाप्त की। इसके साथ ही इंदिरापुरम में रहने वाली एक युवती ने अपने लाइफ में आ रही परेशानियों के चलते सुसाइड किया। तो कवि नगर थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम में रहने वाले भाई-बहन ने अपनी सौतेली मां से और पिता के व्यवहार से तंग आकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अधिकारियों के लिए भी इस प्रकार की घटना हैरान करने वाली हैं। तो वहीं मनोचिकित्सक कहते हैं कि हर उम्र के लोग आज अधिक तनाव में हैं। वह अपनों से अपनी बातें साझा नहीं करते हैं और यहीं उनकी जिंदगी में जीका जंजाल बन जाती हैं, जिसके बाद वह आत्महत्या जैसे हैरान, परेशान और परिवार को अकेला छोड़ने जैसे फैसलों को ले रहे हैं। उधर पुलिस के अधिकारी कहते हैं कि सुसाइड के अधिकांश मामले पढ़ाई, परिवार, प्रेम, तनाव व आर्थिक समस्या को लेकर लिए जा रहे हैं।

### मुरादनगर और गुलमोहर में छात्र-छात्रा ने किया था सुसाइड

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले मुरादनगर थानाक्षेत्र में एक महिला के दसवीं में पढ़ाई करने वाले बेटे ने जीवन लीला समाप्त कर ली। इसके बाद पूरा परिवार परेशान और आंसुओं के सैलाब में डूबा हुआ है। तो वहीं सिहानी गेट थाना सिटी जोन के अंतर्गत एक सोसायटी में रहने वाली छात्रा ने भी बालकनी से खुद के आत्महत्या की और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दोनों ही मामलों में जांच के बाद निकल कर आया था कि छात्र एवं छात्रा अपने परिजनों की डांट से परेशान थे और यही उनकी सुसाइड की वजह बना।



मामला 01

### इंदिरापुरम में युवती ने किया था सुसाइड

मामला 02

करंट क्राइम : बीते दिनों इंदिरापुरम में रहने वाली एक युवती ने डिप्रेशन और पारिवारिक वजह से सुसाइड किया था। बताया जाता है कि वह अपने परिजनों और दोस्तों से दूरी बनाकर चल रही थी और फिर वह अवसाद में आती चली गई और एक दिन उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसका तनाव और अपनों से दूरी आत्महत्या की वजह बना था।



### पढ़े-लिखे भाई-बहन अपमान नहीं कर सके बर्दाश्त

करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम में रहने वाले भाई- बहन ने बीते दिनों सल्फास खाकर आत्महत्या की थी। भाई जहां दिल्ली के चाणक्यपुरी में आईबी अधिकारी की ट्रेनिंग ले रहा था। तो वहीं बहन पढ़ाई करने के साथ जीवन आगे बढ़ा रही थी। परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी, जिसमें वह इन बच्चों की सौतेली मां और पिता की हरकतों की वजह से परेशान थे। अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते थे, परेशान रहते थे और परिवार में आए दिन होने वाली कलह भाई-बहन की मौत और आत्महत्या का कारण बना बताया जा रहा है।

मामला 03





### तनाव और तकरार बन रहा है आत्महत्या की वजह : डीसीपी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी मुख्यालय आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल का कहना है कि बीते दिनों जो भी आत्महत्याओं के मामले सामने आए हैं, उसमें तनाव और तकरार आत्महत्या करने की मुख्य वजह निकाल कर आई है। ऐसे में छात्रों के माता-पिता और परिवारजनों को चाहिए कि वह उनसे निरंतर संवाद रखें। उनके साथ दें और उनपर भरोसा बना कर रखें। तो वहीं नौकरी और पढ़ाई वाले लोग भी इन बातों का ध्यान रखें। अधिकांश सुसाइड के मामले तनाव और तकरार की वजह से ही हो रहे हैं।

### टेंशन में परिवार और साथियों की अटेंशन है जरूरी : डॉ. संजीव त्यागी



करंट क्राइम : शहर के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. संजीव त्यागी का कहना है कि इन दिनों लोग सामाजिक कम हैं। वह सोशल मीडिया को अपना साथी मान रहे हैं, जो एक भौतिक प्लेटफार्म है। डॉ. संजीव त्यागी कहते हैं कि आज छात्र, नौकरी वालो और युवा आत्महत्या इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वह अपने दोस्तों, परिवार वालों और करीबियों से अपने दुख दर्द समस्याओं और दिक्कत को साझा नहीं करते हैं। टेंशन में उनके परिवार अटेंशन नहीं देते हैं और यही वजह उनको परेशान करती है। जिसकी वजह से वह आत्महत्या जैसे बड़े और कड़े फैसले लेने को मजबूर हो जाते हैं। डॉ संजीव त्यागी का कहना है कि स्कूली बच्चों और बुजुर्ग लोगों से जितना अधिक संवाद किया जाएगा, वह उतने तनाव रहित रहेंगे। ऐसे में सभी लोग सतर्क रहें, अपनों व अपने लिए भी समय निकालें।

# भाजपा चलाएगी फर्जी वोटों के खिलाफ एक बड़ा अभियान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा चुनावी रण की तैयारियों में जुटी है और अब उसने इसके लिये अपनी रणनीति में उन वोटों पर चोट करने की तैयारी की है जो वोट उसकी दृष्टि से फर्जी है। भाजपा फर्जी वोटों के खिलाफ एक अभियान चलाने जा रही है। लखनऊ में भाजपा की एक बैठक रविवार को हुई और इस बैठक में इस रणनीति पर चर्चा हुई। भाजपा बड़ा अभियान चलाएगी और इस बैठक की अहमियत को इसी से समझा जा सकता है कि इस बैठक में उत्तर प्रदेश के सीएम, डिप्टी सीएम, संगठन के प्रदेश और राष्ट्र स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। वृहद मतदाता पुनरिक्षण अभियान शुरू हो रहा है। बैठक में इसी बात पर फोकस रहा कि सभी कार्यक्रता और पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का खुद अवलोकन करेंगे और उसे प्रमाणित कराएंगे। इस बात की जांच करेंगे कि जो लोग दिवंगत हो चुके हैं जो लोग अब दिये गये पते पर नहीं रहते हैं और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भाजपा कार्यकर्ता ऐसे वोटों को मतदाता सूची से कटवाएंगे।

बैठक में इस विषय पर फोकस रहा और इस तरीके से ये भाजपा का अभियान चलेगा, इसकी रूपरेखा तय हो गई है और अभियान की थीम यही है कि फर्जी वोट ना डले इससे पहले ये जरूरी है कि फर्जी वोट ना बनें। इससे ज्यादा जरूरी है फर्जी वोट मतदाता सूची कटे। इसके लिये कार्यकर्ता घर घर जाकर मतदाता सूची से मिलान करेंगे और यह चेक करेंगे कि मतदाता सूची में मौजूद मतदाता दिये गये पते पर रहता है या नहीं रहता। इसके लिये भाजपा ने इलाके भी चिन्हित कर लिये हैं।

### आठ अगस्त से 15 अगस्त तक चलाएगी भाजपा हर घर तिरंगा अभियान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि इस बार फिर से भाजपा तिरंगा अभियान चलाने जा रही है। वो आठ से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान लाएगी। भाजपा इस अभियान के तहत घरों पर जाकर तिरंगा लहराएंगी। इसे एक अभियान के रूप में मनाया जाएगा और इस बार हर घर तिरंगा अभियान की ये खूबी है कि इस बार भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी खासतौर पर ऐसे परिवारों में जाएंगे जहां परिवार का कोई सदस्य सेना, पुलिस, अर्द्धसैनिक बल में काम करते हुए शामिल हुआ है। ऐसे शहीद के परिजनों का भाजपा सम्मान करेगी। इसके अलावा भाजपा विभाजन विभीषिका यात्राएं निकालेगी तथा गोष्ठी का आयोजन करेगी।

# ये है वो पहलवान जो नहीं करते हैं आराम

## सामाजिक समरसता के करते हैं एक के बाद एक कई प्रोग्राम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जो कार्यक्रमों को अपने दम पर साधते हैं, अपनी सोच के साथ उन्हें तैयार करते हैं और बड़ी बात ये है कि वो अपने कार्यक्रमों को सामाजिक स्वरूप का आकार देते हैं। उसे सोशल इंजीनियरिंग से जोड़ते हैं। ये वो हैं जो समरसता को बेस बनाते हैंऔर कार्यक्रम को पूरी एकग्राता के साथ ऊंचाई पर लाते हैं।

हर समाज में ऐसे लोग होते हैं और जब इन नामों की गिनती होती है तो यहां पप्पू पहलवान का नाम भी सामने आता है। पप्पू पहलवान गाजियाबाद की भाजपा सियासत के नेता भी हैं और वो सियासत के साथ-साथ वो सामाजिक फ्रेम में भी खुद को जोड़कर चलते हैं। उनके द्वारा आयोजित कराने वाले कार्यक्रम का चार्ट देखें तो वो हर छह महीने पर, दो महीने पर कोई ना कोई प्रोग्राम करते रहते हैं। अगर प्रोग्रामों की सूची देखें तो ये एक ऐसे पहलवान हैं जो कभी थकते ही नहीं हैं। एक जुनून और जज्बे के साथ अपनी सामाजिक समरसता को कार्यक्रमों से स्थापित करते हैं। एक बार फिर वो छह अगस्त को शालीमार गार्डन के गायत्री भवन में कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं। ये कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित होगा। खास बात ये है कि इसमें उन्होंने स्मृतियों के साथ परिवार के सम्मान को सर्वोपरि रखा है।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्व. सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को आमंत्रित किया गया है। बांसुरी स्वराज दिल्ली की सांसद हैं। बड़ी बात ये है कि इस कार्यक्रम को पप्पू पहलवान ने सिर्फ गाजियाबाद के दृष्टिकोण से नहीं बल्कि आसपास के परिवेष के दृष्टिकोण से बनाया है। पप्पू पहलवान का विजन कुछ ऐसा है कि वो हमेशा अपने कार्यक्रमों को समरसता से जोड़ते हैं और उनकी सबसे बड़ी खूबी ये है कि उनका कोई भी कार्यक्रम जातिगत फ्रेम में नहीं होता है। वो जातिगत कार्यक्रमों से दूरी बनाकर चलते हैं। सर्वसमाज को अपने कार्यक्रम में लेते हैं और भले ही कार्यक्रम में पॉलिटिकल लोग हों, लेकिन वो कार्यक्रम को सामाजिक फ्रेम में रखते हैं।

वो 15 अगस्त पर कार्यक्रम रखते हैं, वो शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम कराते हैं, वो कवि सम्मेलन आयोजित कराते हैं, वो खेल प्रतियोगिता आयोजित कराते हैं और इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा में राष्ट्रभक्ति होती है और सामाजिक समरसता होती है। बीते दिनों जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विदेश के दौरे से लौटे थे तो ये पप्पू पहलवान थे जिन्होंने इसे संस्मरण दिवस मनाया और कार्यक्रम का आयोजन कराया। एक बार फिर पप्पू पहलवान एक बड़े आयोजन का करने जा रहे हैं।

यदि भाजपा के इस चेहरे को सियासी मजबूती मिले तो यह और अधिक मजबूती के साथ समरसता और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कराएंगे, राजनीति के प्लेटफार्म पर मजबूती मिलेगी तो उनकी कार्यशैली में और अधिक ऊर्जा आएगी। ऐसे चेहरों को पॉलिटिकली मजबूती मिलनी ही चाहिए।

### अगर 2018 में मानी होती अभिषेक गर्ग की एडवाइज

# तो आज नहीं होती कैंसिल हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद का सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट डोमेस्टिक एयरपोर्ट तैयार है। यहां से उड़ाने भी शुरू हो गई हैं, लेकिन अब एक नई समस्या यहां फ्लाइटों के कैंसिल होने की आ रही है और समस्या का कारण अगर जानेंगे तो सबसे पहले वो चेहरा सामने आएगा जिस समाजवादी चेहरे ने उसी समय एयरपोर्ट के अधिकारियों से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को ये सुझाव दिया था कि जमीन अधिक मात्रा में लीज पर ली जाए क्योंकि जब यहां से उड़ान शुरू होगी तो हवाई जहाज पार्क करने का स्थान यानी हैंगर को लेकर जगह की कमी का सामना होगा। आज ये लग रहा है कि यदि उसी समय अभिषेक गर्ग की सलाह मानी होती तो ये समस्या नहीं आती।



अभिषेक गर्ग सपा नेता हैं और उनके परिवार की सबसे ज्यादा जमीन हिंडन एयरपोर्ट में ली गई है। अभिषेक गर्ग उच्च शिक्षित नेता हैं और विदेश में भी उनकी पढ़ाई हुई है। वो किसी भी प्रोजेक्ट के तकीनी पहलू को बेहतर समझते हैं। अब जो समस्या आ रही है उसको लेकर जब करंट क्राइम ने अभिषेक गर्ग से बात की तो उन्होंने कहा कि मैंने उसी समय यानी वर्ष 2018 में ये बात रखी थी और उस समय के तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों को आगाह किया था कि जब एयरपोर्ट ऑपरेटिव अवस्था में आएगा तो यहां दिक्कत आएगी। क्योंकि हवाई जहाज को रनवे के अलावा पार्किंग स्थल यानी हैंगर भी चाहिए होता है। तभी ये भी बताया था कि एयरफोर्स अपनी एयर स्ट्रिप नहीं देगा और इसीलिये शेष जमीन को एयरपोर्ट अथॉरिटी अभी ले लें। ये विजन अभिषेक गर्ग ने दिया और इसका रीजन बताया था। सात साल बाद अभिषेक गर्ग का कथन सही साबित हुआ है। उन्होंने कहा था कि जब एयरोप्लेन पार्क ही नहीं होंगे तो फ्लाइट डिले होगी। इसलिये अभी से जगह का प्रावधान रखिए। अगर तत्कालीन अधिकारी उसी समय अभिषेक गर्ग की सलाह पर ध्यान देते, उनकी बात को मान लिया गया होता तो आज जो फ्लाइट कैंसिल हो रही है ये नहीं कैंसिल होती, तभी समाधान हो गया होता।




### 20 हजार गज जमीन दी है अभिषेक गर्ग और उनके परिवार ने

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अभिषेक गर्ग सिकंदरपुर गांव के जमींदार परिवार से हैं और उनके परिवार की सबसे ज्यादा जमीन इस प्रोजेक्ट में ली गई है। लगभग 20 हजार गज जमीन उनकी और उनके परिवार की है जो इस प्रोजेक्ट में एक्वायर की गई है। अभिषेक गर्ग के पिता महेश गर्ग और उनके परिवार ने इस प्रोजेक्ट में रूचि लेकर ये जमीन दी थी। स्वयं अभिषेक गर्ग ने ये बताया कि उस समय लीज रेंट बहुत कम था। कई दबाव भी बनाए गए लेकिन मैंने उस समय एक ही बात तत्कालीन डीएम से कही थी मुझे पीएम के हाथों सम्मानित होने का लालच नहीं है, लेकिन मेरे जिले गाजियाबाद के विकास का झंडा पूरे प्रदेश और देश में लहराएगा। इस बात का क्रेज मुझे हमेशा रहेगा और मैं इस जमीन को इस प्रोजेक्ट में देने के लिये अपने परिवार को भी मनाऊंगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट में लगभग 70 से 80 प्रतिशत जमीन मेरे और मेरे परिवार द्वारा दी गई है। पहले जमीन लीज पर दी गई थी और बाद में बैनामे हुए।

### नौ एकड़ जमीन का हो इंतजाम तो मिलेगा समस्या का समाधान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सिकंदरपुर की जमीन पर डोमेस्टिक एयरपोर्ट बना। बताया जाता है कि ये उस समय उड़ान परियोजना के तहत प्रोजेक्ट आया था। जिसमें एक आम आदमी भी कम किराये में हवाई यात्रा कर सकता था। उस समय ये भी प्रावधान था कि डिफेंस की एयर स्ट्रिप से सिविल एविएशन शुरू होगा। यदि यहां से उड़ान संचालित करने वाली किसी भी एयरलाइन को घाटा होता है तो 80 प्रतिशत की क्षति पूर्ति केंद्र सरकार तथा 20 प्रतिशत प्रदेश सरकार वहन करेगी। गाजियाबाद को वैसे भी उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी माना जाता है। ये प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट था और स्वयं प्रधानमंत्री ने इसका उद्घाटन 2019 में किया था। अगर यहां से फ्लाइट की समस्या का समाधान करना है तो नौ एकड़ जमीन का इंतजाम करना होगा, उसके बाद यहां हैंगर का निर्माण होगा। एक बार फिर वही बात है कि यदि 2018 में अभिषेक गर्ग के सुझाव को मान लिया होता तो सात साल बाद जो समस्या आ रही है ये आती ही नहीं।

## संपादकीय

# फैसले का क्या असर पडेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अचानक से भारत को लेकर बेहद आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है और यह भी चेताया है कि रूस से व्यापार की एवज में कुछ एक्स्ट्रा टैक्स भी लगाया जाएगा। ट्रंप के इस फैसले का क्या असर पड़ सकता है, इस बारे में सरकार आकलन कर रही है। बातचीत के रास्ते खुले हैं और वह होनी भी चाहिए, लेकिन इस मामले में भारत को अपने हितों को भी मजबूती से रखना होगा। ट्रेड डील ट्रंप का हालिया बयान केवल टैरिफ या व्यापार घाटे से नहीं जुड़ा। इसके पीछे लंबी हताशा और अपनी इमेज बचाने की चिंता है। कई चरण की बातचीत के बावजूद दोनों देशों की ट्रेड डील किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है। रोड़ा अटका हुआ है कृषि और डेयरी सेक्टर पर। हर डील अपनी शर्तों पर करने वाले ट्रंप इन दोनों सेक्टर में अमेरिका के लिए खुली छूट चाहते हैं। ऐसा करना भारतीय किसानों के हित में नहीं होगा और सरकार को इस मामले में बिल्कुल भी नहीं झुकना चाहिए। व्यापार एकतरफा फायदे को देखकर नहीं किया जा सकता।

रूस से व्यापार अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ असहमति की जो वजहें गिनाई हैं, उसमें रूस से तेल खरीदना प्रमुख है। हमारे सहयोगी अखबार ळडकका मानना है कि 2022 तक भारत की तेल आपूर्ति में रूस का हिस्सा सिर्फ 1% था। आज यह आंकड़ा 35-40% है, और जरूरत पड़ने पर इससे पीछे हटना संभव है, क्योंकि अब रूसी तेल पर पहले जितना फायदा नहीं हो रहा। लेकिन, यहां बात केवल फायदे नहीं, दो देशों के रिश्तों और हक की भी है। भारत की अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। आखिर अमेरिका ने भी तो उस पाकिस्तान के साथ डील की, जो वैश्विक मंचों पर कई बार आतंकवाद की शरणस्थली साबित हो चुका है।

अस्थिर पॉलिसी ट्रंप न अपने बयानों पर स्थिर रहते हैं और न पॉलिसी पर। जिन देशों ने उनके साथ डील की है, उन्हें भी कोई फायदा नहीं हुआ। ब्रिटेन, वियतनाम से डील के बावजूद टैरिफ बढ़ रहा है। इसी तरह, एव के कई देश नाराज हैं क्योंकि आयात शुल्क औसत 4.8% से बढ़कर अब 15% हो चुका है। यानी किसी भी सूरत में टैरिफ की स्थिति पहले वाली नहीं रहेगी। इसलिए भारत को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। दोस्त जैसा व्यवहार रुबियो ने भारत को अमेरिका का सहयोगी और रणनीतिक भागीदार बताया है। उनके देश को चीन का सामना करने के लिए भारत जैसे सहयोगी की दरकार है। लेकिन, उनका बर्ताव एक दोस्त जैसा नहीं है। भारत को अगर कुछ मामलों में अमेरिका की जरूरत है, तो अमेरिका को भी कई जगह भारत का साथ चाहिए।

# टैरिफ के प्रभाव पर चर्चा करेगा कपड़ा मंत्रालय केंद्रीय मंत्री करेंगे उद्योगपतियों से मुलाकात



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत से किए जाने वाले आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश सात अगस्त से प्रभावी होगा। इसका असर भारत के कपड़ा उद्योग पर भी पड़ेगा। कपड़ा मंत्रालय ने टैरिफ के प्रभाव को लेकर उद्योगपतियों से चर्चा की तैयारी की है।

केंद्र सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी निर्यात पर निर्भर देश के कपड़ा उद्योग ने भी टैरिफ के प्रभाव का आकलन करना शुरू कर दिया है। इसे लेकर कपड़ा मंत्रालय ने भी कमर कस ली है। टैरिफ के बारे में जल्द ही केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। इसमे उद्योगपतियों से टैरिफ के प्रभाव के बारे में बात की जाएगी। इस मुलाकात में भारत-ब्रिटेन एफटीए को लेकर भी चर्चा होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत से किए जाने वाले आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश सात अगस्त से प्रभावी होगा।

समाचार एजेंसी पीटीआई को कपड़ा मंत्रालय के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार अमेरिकी टैरिफ के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सरकार और उद्योग का लक्ष्य 2030 तक 100 अरब डॉलर का कपड़ा निर्यात करना है। सूत्रों ने कहा कि टैरिफ को लेकर घरेलू कपड़ा निर्यातकों को समर्थन देने के लिए विचार किए जा रहे किसी भी उपाय के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी, लेकिन सरकार उद्योग की प्रतिक्रिया जानना चाहती है। साथ ही ब्रिटेन-भारत एफटीए तथा अप्रयुक्त क्षमता वाले अन्य बाजारों में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना चाहती है। इसलिए केंद्रीय मंत्री ने कपड़ा उद्योग के विभिन्न उद्योगपतियों और परिधान निर्यात कंपनियों से बात करेंगे।

### कपड़ा उद्योग पर टैरिफ का प्रभाव

भारत का कपड़ा उद्योग के निर्यात का बड़ा हिस्सा भी अमेरिका पर निर्भर है। आंकड़ों की मानें तो भारत से होने वाला कुल टेक्सटाइल निर्यात का 28 फीसदी अकेले अमेरिका को जाता है। ऐसे में टैरिफ का असर इस सेक्टर पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। दरअसल, अमेरिका ने बीते वर्षों में भारत के साथ-साथ वियतनाम, इंडोनेशिया और बांग्लादेश से बड़ी मात्रा में टेक्सटाइल उत्पादों का आयात किया है।

जहां वियतनाम पर फिलहाल अमेरिका 19 फीसदी टैरिफ लगा रहा है, वहीं इंडोनेशिया पर ट्रंप ने 20 फीसदी टैरिफ लगाया है। इस लिहाज से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रतियोगिता में नुकसान होने की संभावना है। गौरतलब है कि इस सेक्टर में बांग्लादेश और कंबोडिया भी भारत से प्रतियोगिता में रहे हैं, लेकिन अमेरिका ने इन देशों के ऊपर ज्यादा टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर अमेरिका का आयात शुल्क 35 फीसदी तो कंबोडिया पर 36 फीसदी है।

## भारतीय वाहन-टायर उद्योग को एशियाई देशों से ज्यादा नुकसान

# वाहन कलपुर्जा निर्यात में वर हिस्सेदारी 27%

**नई दिल्ली।** इक्रा ने कहा कि भारत के वाहन कलपुर्जा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत और टायर निर्यात में 17 प्रतिशत है। इसलिए टैरिफ में बढ़ोतरी से भारतीय विनिमार्ताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में नुकसान होगा, जहां कम या तरजीही शुल्क लागू हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शनिवार को कहा कि भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग और टायर विनिमार्ताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में अधिक नुकसान पहुंचाने वाला है। इक्रा ने कहा कि भारत के वाहन कलपुर्जा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत और टायर निर्यात में 17 प्रतिशत है। इसलिए टैरिफ में बढ़ोतरी से भारतीय विनिमार्ताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में नुकसान होगा, जहां कम या तरजीही शुल्क लागू हैं। इसमें कहा गया है कि खासकर ऑफ-हाइवे और सिर्फ टायर खंड में, और विभिन्न वाहन कलपुर्जा में शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय आपूर्तिकताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, पहले भारतीय टायर निर्यातकों को चीनी प्रतिस्पर्धियों पर मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन अब अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को दी जाने वाली कम शुल्क दरों से यह बढ़त कम हो सकती है। वाहन कलपुर्जा उद्योग ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के लिए 80.2 अरब डॉलर (6.73 लाख करोड़ रुपये) का कारोबार दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 10



## रूसी तेल से दूरी भारत को पड़ सकती है भारी

# विशेषज्ञ बोले : आयात बिल में होगी 11 अरब डॉलर तक की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर भारत को जुमार्ना भुगतने की धमकी दी है। जुमार्ने की धमकी के चलते अगर भारत रूसी तेल को खरीदना बंद करता है तो उसे भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस से तेल आयात बंद करने के बाद भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। हालांकि भारत अमेरिका के दबाव के आगे झुकता नहीं दिख रहा है।

### रूस, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उत्पादक



रूस, कच्चे तेल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जिसका रोजाना का तेल उत्पादन करीब 9.5 मिलियन बैरल/प्रतिदिन है। यह वैश्विक मांग का करीब 10 प्रतिशत है। रूस, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है, जो लगभग 4.5 मिलियन बैरल प्रति दिन कच्चा तेल और 2.3 मिलियन बैरल प्रति दिन परिष्कृत उत्पादों का निर्यात करता है। साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल के बाजार से बाहर होने की आशंका थी, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका पैदा हो गई। भारत ने इसे अच्छा मौका समझा और इसे लपक लिया।

### भारत को मिला है काफी फायदा

फरवरी, 2022 के शुरू में भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी केवल 0.2 प्रतिशत थी। यूरोपीय बाजारों के दरवाजे बंद होने के बाद रूस से भारत को समुद्री निर्यात बढ़ने लगा। अब रूस से भारत कच्चे तेल का 35-40 प्रतिशत आयात कर रहा है। इससे भारत को खुदरा ईंधन की कीमतों को नियंत्रण में रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। भारत की तेल कंपनियां ने कुछ तेल घरेलू खपत के लिए रिफाइन करती हैं। बाकी को डीजल व अन्य उत्पादों के रूप में निर्यात किया। कुछ हिस्सा यूरोप को भी निर्यात किया गया। इससे भारतीय तेल कंपनियों को मुनाफा हो रहा है।

# सीईओ सी विजयकुमार पर एचसीएलटेक मेहरबान, फिर बढ़ाया कार्यकाल



**नई दिल ली** एचसीएलटेक के बोर्ड ने 1 अप्रैल 2025 से सीईओ सी विजयकुमार का नया वेतन 8.6 मिलियन डॉलर लागू करने की मंजूरी दे दी है। यह मौजूदा वेतन से 71 फीसदी अधिक है। इसमें स्थिर वेतन और बोनस दोनों में बढ़ोतरी की गई है। एससीएलटेक ने सीईओ सी विजयकुमार पर मेहरबानी दिखाते हुए उनका कार्यकाल फिर से बढ़ा दिया है। विजयकुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10.85 मिलियन डॉलर (करीब 94.6 करोड़ रुपये) कमाए। यह वेतन उन्हें भारत की आईटी कंपनियों के सबसे ज्यादा कमाने वाले सीईओ में शामिल करता है। उन्होंने टीसीएस और इंफोसिस के सीईओ से भी ज्यादा वेतन पाया। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, एचसीएलटेक के बोर्ड ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए उनका वेतन 18.6 मिलियन डॉलर (करीब 154 करोड़ रुपये) करने की मंजूरी दे दी है।

### टीसीएस-इंफोसिस के सीईओ से भी अधिक रहा विजयकुमार का वेतन

विजयकुमार का वित्त वर्ष 2025 का वेतन उन्हें भारत की शीर्ष दो आईटी कंपनियों के अपने समकक्षों से आगे रखता है। इस अवधि में टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन को 26.52 करोड़ रुपये, और इंफोसिस के सीईओ सलिल पारेख को 80.62 करोड़ रुपये वेतन मिला। एचसीएलटेक के सीईओ विजयकुमार की कमाई विप्रो** के सीईओ श्रीनिवास पल्लिया (करीब 53.6 करोड़ रुपये) और टेक महिंद्रा के सीईओ मोहित जोशी (53.9 करोड़ रुपये) से भी अधिक रही।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल्मोन रिच युक्त कम कोलेस्ट्रोल डाइट लेने से दिल की बिमारियाँ कम होती है।
- जब पानी से बर्फ बन रही होती तो लगभग 10% पानी तो उड़ ही जाता है। इसलिए ही हमारे फ्रिज में पानी जमा हो जाता है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।
- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।

## राशिफल

**मेष :** आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता आ सकती है। माता-पिता के साथ आपके कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए समय शुभ है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा।

**मिथुन :** नए काम और नए व्यापारिक सौदे सामने आ सकते हैं। परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा। कोई नया ऑफर भी मिल सकता है।

**कर्क :** चल रहे प्रोजेक्ट और कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। किसी भी तरह के वाद-विवाद या टकराव से बचें। निवेश को टालना ही बेहतर होगा।

**सिंह :** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरूर लें। आज व्यापार में लाभ कम होने के योग हैं।

**कन्या :** व्यापार में कुछ नई योजनाओं पर काम शुरू हो सकता है। पार्टनर से सहयोग मिलेगा। लव लाइफ के लिए दिन अच्छा रहेगा। सोचा गया कोई काम पूरा होगा।

**तुला :** अकादमिक रूप से बहुत सफल रहेंगे और नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी। अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे और आपका आत्मविश्वास-स्तर भी काफी बढ़ जाएगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। बस अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना है। आपके मुंह से निकला एक गलत शब्द आपको परेशानी में डाल सकता है।

**धनु :** आर्थिक मामले सुलझेंगे। दाम्पत्य जीवन सुखद हो सकता है। समझौता और विनम्रता से जटिल मामलों को सुलझा सकते हैं। रूटीन काम से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर :** बिजनेस पार्टनर या करीबी सहयोगी से परेशानी हो सकती है। व्यवसाय से संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं देंगी।

**कुंभ :** दिन पहले से ज्यादा फायदेमंद रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना पूरी होगी। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन फायदेमंद रहेगा।

**मीन :** व्यापार में कुछ नया करने के चक्कर में आपकी परेशानी बढ़ सकती है। मन में चल रही उथल-पुथल के कारण आज काम में मन नहीं लगेगा।

## चुटकुले

संता बार मे रो रहा था।
बंता : क्यों रो रहे हो?
संता : और क्या करू?
जिस लडकी को भुलाना चाहता हूँ,
उसका नाम ही याद नही आ रहा।

पप्पू : पापा बुलेट दिला दो,
बाप : पड़ोसन की लड़की को
देख बस से जाती है..
पप्पू : यही तो देखा नहीं जाता !

एलकेजी के बच्चे के पेपर मे 0 आया।
गुस्से से पिता : यह क्या है?
बच्चा : पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे
इसलिये उसने मून दे दिया।

अगर आपका बेटा हैलो-हैलो करते हुए,
रूम से बाहर निकल जाए,
तो समझ जाना की,
आपकी होने वाली बहु का फोन है !

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# सीएसके की बल्लेबाजी में अब समस्या नहीं', धोनी का बयान

## ऋतुराज की वापसी और अगले सीजन को लेकर भी की बात



**मुंबई।** दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि ऋतुराज गायकवाड़ की वापसी आईपीएल के अगले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी को मजबूत करेगी। गायकवाड़ पिछले सत्र में कोहनी की चोट के कारण आईपीएल के शुरूआती मैचों से बाद ही बाहर हो गए थे। गायकवाड़ की जगह धोनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी संभाली थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम की बल्लेबाजी लगातार संघर्ष करते रही। टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर रही थी।

धोनी ने चेन्नई में एक निजी समारोह के दौरान इस बात का संकेत दिया कि चेन्नई की टीम गायकवाड़ को टीम में बनाए रखेगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे, लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। ऋतुराज वापसी करेंगे। उन्हें चोट लगी थी। वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जाएंगे।'

धोनी गायकवाड़ की सीएसके में वापसी से खुश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी इस साल के अंत में होने वाली छोटी नीलामी के जरिए टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (आईपीएल 2025 में) ढिलाई बरती। कुछ कमियां थीं जिन्हें हमें दूर करने की जरूरत थी। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। हम उन कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे।'

गायकवाड़ ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच सीएसके के लिए आठ अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच है। धोनी ने स्वीकार किया कि पिछले दो सत्र में सुपर किंग्स का प्रदर्शन उम्मीद से काफी कमजोर रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के लिए उन कमियों को पहचानना जरूरी है। इस 44 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'हां, पिछले कुछ साल हमारे लिए अच्छे नहीं रहे हैं। हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लेकिन जरूरी यह है कि आप सीख लें। हां, आपका सत्र खराब रहा। लेकिन क्या गलती हुई? और यही सवाल पिछले साल भी हमारे सामने था।'

# वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत आखिरी गेंद पर जीता मैच, सीरीज 1-1 से बराबर



**वेस्टइंडीज।** जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। वेस्टइंडीज की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा। वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया।

# जडेजा छठे स्थान पर विदेशी सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे, गारफील्ड-वसीम के क्लब में शामिल



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रवींद्र जडेजा ने शनिवार को अर्धशतकीय पारी के साथ धमाल मचा दिया। वह छठे या उससे निचले स्थान पर विदेशी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला लंदन के द ओवल पर खेला जा रहा है। भारत ने इंग्लैंड के सामने 374 रन का लक्ष्य रखा है। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 50 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक बेन डकेट 48 गेंदों में 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले भारत की दूसरी 396 रन पर समाप्त हुई थी। वहीं, इंग्लैंड की पहली पारी 247 पर समाप्त हुई थी जबकि भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए। इस आधार पर मेजबानों को भारत पर 23 रनों की बढ़त हासिल हुई। अब इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रन बनाने होंगे।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारतीय टीम को मुकाबले के दूसरे दिन (शुक्रवार) दूसरी पारी में अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई, जिसे जोश टंग ने तोड़ा। उन्होंने राहुल को रूट के हाथों कैच कराया। वह 28 गेंदों में सात रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए साई सुदर्शन 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इस दौरान यशस्वी जायसवाल ने 44 गेंदों में अपना 13वां अर्धशतक पूरा किया।

### सिराज ने किया क्राउली को बोल्ड

374 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले मोहम्मद सिराज ने करारा झटका दिया। उन्होंने आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया। वह 36 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। क्राउली और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। दिन का खेल समाप्त होने तक डकेट 48 गेंदों में चार चौके की मदद से 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

### जडेजा ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में जडेजा ने शानदार प्रदर्शन किया और 53 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ वह छठे या उससे निचले स्थान पर विदेशी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। जडेजा ने इस दौरे पर 516 रन बनाए। इस मामले में शीर्ष पर सर गारफील्ड सोबर्स हैं, जिन्होंने 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ 722 रन बनाए। दूसरे स्थान पर पाकिस्तान के वसीम राजा हैं, जिन्होंने 1976/77 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 517 रन बनाए थे। जडेजा ने छठे या उससे निचले स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए विदेशी टेस्ट में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने के मामले में वेस्टइंडीज के गैरी एलेक्जेंडर और पाकिस्तान के वसीम राजा की बराबरी कर ली। तीनों के नाम छह-छह अर्धशतकीय पारियां दर्ज हो गई हैं। इसके अलावा जडेजा इंग्लैंड में किसी सीरीज में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने सुनील गावस्कर, विराट कोहली और ऋषभ पंत को पीछे छोड़ दिया। तीनों के नाम पांच-पांच अर्धशतकीय पारियां दर्ज हैं।

# कजाकिस्तान में श्रीशंकर का लंबी कूद में जलवा तूर ने इंडियन ग्रांप्री में गोला फेंक स्पर्धा जीती



**नई दिल्ली।** लंबी कूद के अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने लंबी चोट से वापसी करते हुए कजाकिस्तान के अल्माटी में शनिवार को कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट में शीर्ष स्थान के साथ लगातार तीसरी प्रतियोगिता में खिताब पर कब्जा कर लिया। इस 26 साल के खिलाड़ी ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर (श्रेणी सी) मीट में अपने पहले प्रयास में 7.94 मीटर की छलांग के साथ खिताब पक्का किया।

उनके अन्य प्रयास 7.73 मीटर, 7.58 मीटर, 7.57 मीटर, 7.80 मीटर और 7.79 मीटर थे। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 8.41 मीटर है। यह घुटने की चोट से वापसी के बाद श्रीशंकर की तीसरी प्रतियोगिता थी। उन्हें यह चोट पिछले साल अप्रैल में लगी थी। उन्होंने इसकी सर्जरी करवाई थी जिसके बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद वह भाग नहीं ले पाए थे। एशियाई खेलों के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ग्रां प्री के तीसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे दिखता है कि वह इस महीने के अंत में चेन्नई में होने वाली अंतर-राज्यीय सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तैयार हैं। 30 वर्षीय तूर ने गुरु नानक स्टेडियम में 18.93 मीटर की दूरी तक आयरन बॉल फेंकी। इससे वह 20-24 अगस्त तक चलने वाली चेन्नई प्रतियोगिता के लिए अच्छी फॉर्म में दिखे। यह सितंबर में होने वाली तोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता होगी। तमिलनाडु की हांग्झोउ एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ का खिताब जीता जबकि महाराष्ट्र के सर्वेश अनिल कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद में आसानी से जीत हासिल की। राजस्थान के उभरते हुए भाला फेंक एथलीट यशवीर सिंह ने 77.79 मीटर के प्रयास के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## फीफा ने भारत में शुरू की प्रतिभाओं की खोज

# हैदराबाद में युवाओं के लिए अकादमी शुरू की



**नई दिल्ली।** फीफा (फुटबॉल की वैश्विक संचालक संस्था) ने भारत के उभरते हुए प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के मकसद से शनिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सहयोग से देश में युवाओं के लिए अपनी पहली प्रतिभा अकादमी की शुरूआत की। फीफा ने इस अकादमी के लिए एआईएफएफ और तेलंगाना सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह फुटबॉल के समावेशी और जमीनी स्तर के विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगा।

एआईएफएफ की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह अकादमी यहां गाचीबावली स्टेडियम परिसर में स्थित होगी और 60 उत्कृष्ट खिलाड़ियों (अंडर 14 वर्ग के 30 लड़के और अंडर 16 वर्ग की 30 लड़कियां) को आवासीय सुविधाओं, शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के साथ साल भर उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रदान करेगी, जिसमें प्रत्येक वर्ग में तेलंगाना के 10 खिलाड़ी शामिल होंगे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस शुरूआत को भारत में इस खेल के लिए के लिए एक निर्णायक क्षण करार दिया। चौबे ने कहा, 'लड़कियों के लिए भारत की पहली और लड़कों के लिए दूसरी फीफा कौशल अकादमी का शुभारंभ, समान फुटबॉल विकास की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक क्षण है। तेलंगाना सरकार के साथ फीफा की वैश्विक प्रतिभा विकास योजना के तहत यह सहयोग, पूरे देश से युवा प्रतिभाओं (खासकर लड़कियों) को पहचानने, पोषित करने और सशक्त बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।'

उन्होंने कहा कि यह अकादमी देश को अंडर-17 पुरुष और महिला फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के सपने को साकार करने में मदद करेगी। एआईएफएफ फीफा के साथ समन्वय में संचालन, तकनीकी ढांचा, देश भर में प्रतिभा की खोज और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का नेतृत्व करेगा, जबकि तेलंगाना सरकार का खेल प्राधिकरण खिलाड़ियों के बुनियादी ढांचे, रसद, शिक्षा, वित्तीय और कल्याणकारी सहायता की देखरेख करेगी।

# स्वाति, हिमांशी के गोल से प्रयागराज ने बरेली को 2-0 से हराकर हासिल किए पूरे अंक





**बरेली।** प्रादेशिक सीनियर समन्वय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता शनिवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली गई। लीग के दूसरे दिन कुल पांच मुकाबले हुए। दिन के पहले मुकाबले में स्वाति और हिमांशी के 1-1 गोल से प्रयागराज ने बरेली को 2-0 से हराकर पूरे अंक हासिल किए।

प्रयागराज की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। मैच का पहला गोल खेल के 26वें मिनट में स्वाति ने किया और टीम को एक गोल की बढ़त दिलाई। एक गोल से पिछड़ने के बाद बरेली के खिलाड़ियों ने जवाबी हमले किए लेकिन प्रयागराज की रक्षा पंक्ति को भेदने में नाकाम रहे।

पहले हाफ में प्रयागराज की टीम एक गोल से आगे रही। दूसरे हाफ में खेल के 40वें मिनट में प्रयागराज की हिमांशी ने दूसरा गोल किया। इस गोल के साथ ही प्रयागराज ने बरेली को हराकर मुकाबला जीत लिया। दूसरे मुकाबले में मुरादाबाद ने सहारनपुर को 11 गोल से हराकर पूरे अंक हासिल किए। विजेता टीम की ओर से वंशिका ने 6, कल्पना ने 3, अल्फिजा और अंशी ने 1-1 गोल किए।

तीसरे मुकाबले में मेरठ ने अयोध्या को 6 गोल से हराया। विजेता टीम की ओर से खेल के 20वें मिनट में वंशिका ने 25 गज की दूरी से गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। नेहा कुमारी ने खेल के 24वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-0 किया। पहले हाफ के खेल तक यही स्कोर रहा। दूसरे हाफ में खेल के 37वें मिनट में लवि ने गोल कर स्कोर 3-0 तक पहुंचाया। वहीं 52वें मिनट में रितिका ने गोलकर स्कोर 4-0 किया। इसके बाद 53वें और 57वें मिनट में लवि ने लगातार दो गोल स्कोर 6-0 कर टीम को जीत दिलाई।

### वीपीएस के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

सीबीएसई पूर्वी जोन क्लस्टर एथलेटिक्स और हैंडबॉल की प्रतियोगिताओं में लोहता केराकतपुर के वाराणसी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों पदक जीता हैं। स्कूल की अंडर-17 बालिका और अंडर-19 बालक वर्ग की टीम ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता है। इसके साथ ही प्रयागराज में आयोजित एथलेटिक्स में भी स्वर्ण पदक जीता है। खिलाड़ियों को शनिवार को विद्यालय में सम्मानित किया गया।

बीएचयू एंफीथियेटर मैदान पर शनिवार को मोहम्मद रजाउद्दीन स्मृति जिला फुटबॉल लीग में दो मुकाबले खेले गए। इसमें इंटर काशी और फुटबॉल नर्सरी के बीच खेला गया मुकाबला गोल रहित ड्रॉ हो गया। दूसरे मैच में सिगरा एफसी के फॉर्वर्ड खिलाड़ी अजय चौहान ने मदन स्पोर्टिंग के तीन डिफेंडरों को छकाकर गोल किया और टीम को एक गोल से जीत दिला दी। दूसरा मैच शुरू होते ही दोनों टीम ने अच्छे तालमेल से एक दूसरे के गोल पर आक्रमण किया। ज्यादातर गेम मध्य मैदान में ही खेला गया और पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर छूटा। दूसरे हाफ के 69वें मिनट में सिगरा एफसी के अजय चौहान ने मदन स्पोर्टिंग के तीन डिफेंडरों को छकाकर गोल कर टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी। अंतिम सिटी बजने तक सिगरा एफसी की टीम 1-0 से विजयी रही।

बंगाली टोला इंटर कॉलेज में 6 अगस्त को जिला स्तरीय विद्यालयीय कराटे प्रतियोगिता होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश मणि पांडेय ने बताया कि विद्यालय को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का जिम्मा सौंपा गया है। इसके तहत कराटे प्रतियोगिता कराई जाएगी। प्रतियोगिता विद्यालय परिसर में ही आयोजित होगी।

# ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन, नौवीं बार जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब




**ब्राजील।** छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई।

लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया।

छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं। ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राजील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।

# डूरंड कप: लद्दाख एफसी ने त्रिभुवन आर्मी को बराबरी पर रोका

## - नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की मलेशियन आर्म्ड फोर्सेस पर जीत



**जमशेदपुर।** डूरंड फुटबॉल में शनिवार को दो मैच खेले गए। जमशेदपुर में खेले गए मैच में लद्दाख एफसी ने त्रिभुवन आर्मी एफसी को बराबरी 1-1 पर रोका जबकि शिलांग में खेले गए दूसरे एक मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने मलेशियन आर्म्ड फोर्सेस को 3झ्1 से रौंदा। शिलांग में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मालिक और बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम भी उपस्थित रहे।

### लद्दाख ने पहले ही मैच में रचा दिया इतिहास

जमशेदपुर में खेले गए एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप में अपने पहले ही मैच में 1 लद्दाख एफसी ने इतिहास रच दिया। ग्रुप सी मुकाबले में लद्दाख की युवा टीम ने अनुभवी त्रिभुवन आर्मी एफसी (नेपाल) को 1.1 की बराबरी पर रोक कर टूर्नामेंट में अपना पहला अंक हासिल किया। मैच की शुरूआत से ही लद्दाख की टीम पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ खेल रही थी। मुकाबले के 23वें मिनट में डिफेंडर सिजू ने कॉर्नर से आए शानदार क्रॉस पर हेडर लगाकर गोल दागा और डूरंड कप में गोल करने वाले पहले लद्दाखी खिलाड़ी बन गए। हालांकि पहला हाफ खत्म होने से पहले 40वें मिनट में त्रिभुवन आर्मी एफसी के खिलाड़ी निराजन धामी ने शानदार काउंटर अटैक के दौरान संयमित फिनिश करते हुए स्कोर को बराबर कर दिया। इसके बाद हाफ टाइम तक स्कोर 1.1 रहा। दूसरे हाफ में त्रिभुवन आर्मी एफसी ने आक्रामक शुरूआत की और गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बनाए रखा। उनके मिडफील्डर्स ने मैच की रफ्तार को नियंत्रित करते हुए कई मौके बनाए, लेकिन लद्दाख की रक्षापंक्ति और गोलकीपर की सतर्कता ने उन्हें कोई और गोल करने नहीं दिया।

दूसरी ओर डूरंड के शिलांग में खेले गए एक अन्य मैच में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने अपने खिताब बचाव अभियान की शुरूआत धमाकेदार अंदाज में की। शुक्रवार को ग्रुप-ई मुकाबले में टीम ने मलेशियन आर्म्ड फोर्सेस एफटी 3.1 से शिकस्त दी। इस जीत के हीरो रहे मोरक्कन स्ट्राइकर अलाअद्दीन अजराई, जिन्होंने मैच में हैट्रिक कर टीम को जीत दिलाई।

### पहले हाफ में ही तय कर दिया मैच का रुख

मैच की शुरूआत दोनों टीमों के बीच कड़े मिडफील्ड संघर्ष से हुई, लेकिन 23वें मिनट में डेब्यू कर रहे एंड्रेस रोड्रिगेज के शानदार थ्रू बॉल पर अजराई ने पहला गोल दागा। इसके महज 6 मिनट बाद 29वें मिनट में जितिन एमएस के शानदार पास पर अजराई ने दूसरा गोल कर बढ़त को दुगुना कर दिया।

### दूसरे हाफ में अजराई ने पूरी की हैट्रिक

दूसरे हाफ में मलेशियाई टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन नॉर्थईस्ट की रक्षापंक्ति और गोलकीपर दिपेश चौहान ने कोई ढील नहीं दी। 70वें मिनट में बेकी ओरम के लॉन्ग पास पर अजराई ने डिफेंडरों को छकाते हुए शानदार गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की और टीम को 3.0 की निर्णायक बढ़त दिला दी।

### मलेशिया को देर से मिला सांत्वना गोल

मलेशियन टीम की ओर से मुहम्मद आमिर फैसल ने 88वें मिनट में गोल कर स्कोर 3झ्1 किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यह गोल केवल सांत्वना बनकर रह गया।

### स्टेडियम में बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम भी रहे मौजूद

मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की संख्या 7500 से अधिक रही, जिनमें नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मालिक और बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम भी शामिल थे। 81वें मिनट में स्पेनिश खिलाड़ी जाइरो सम्पेरियो का क्रॉसबार से टकराया शॉट स्टेडियम में रोमांच भर गया।

# विक्टोरिया एमबोको ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, गत चैंपियन पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में



**कनाडा।** कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को यहां नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया।

फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे।

मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3, जबकि कजाखस्तान की नौवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।

ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया।

# सेवा भारती गाजियाबाद ने किया एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेवा भारती गाजियाबाद ने रमते राम रोड कार्यालय, गाजियाबाद पर समाज के अभावग्रस्त, वंचित, पीड़ित तथा गरीब परिवारों भाई बहनों, बालक बालिकाओं के उत्थान के लिए चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पों के शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रशिक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। उक्त प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता यतींद्र कुमार ने की और मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय छात्रावास प्रमुख और वरिष्ठ प्रचारक अनिल कुमार ने सहभागिता की।



कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके की गयी। सेवा भारती के प्रमुख सेवा आयामों शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सामाजिक संस्कार और किशोरी विकास प्रशिक्षण के लिए अलग अलग प्रशिक्षण सत्र रहे जिसमें सुरभि, अनीता, मंजूशा और डाक्टर राजू तोमर की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के निचले तबकों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे सभी सेवा प्रकल्पों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रशिक्षण के लिए आयोजित उक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करेगा और नए नए नवाचारों से अवगत कराएगा जिसका सीधा-सीधा लाभ सेवा प्रकल्पों के लाभार्थियों को मिलेगा।

**'सेवा भारती का उद्देश्य सेवित को सेवक बनाना' :** अनिल कुमार ने कहा, सेवा भारती का उद्देश्य सेवित को सेवक बनाकर अधिक से अधिक सेवा भावी कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है और समाज को परम वैभव की ओर लेकर जाना है। कार्यक्रम अध्यक्ष यतींद्र कुमार ने प्रशिक्षण के लाभ बताये और कहा कि समय समय पर मिलने वाले उचित प्रशिक्षण के द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं को संबंधित विषय वस्तु मे श्रेष्ठता प्राप्त होती है जिसका लाभ सेवा प्रकल्प पर आने वाले भाई बहनो और बालक बालिकाओं को मिलता है। कार्यक्रम संयोजिका सीमा भसीन रही और कार्यक्रम का कुशल संचालन अलग अलग सत्रों में सेवा भारती गाजियाबाद के योगेश कौशिक, मंजूश्री, प्रियंका शर्मा, गुरदीप कौर ने किया। कार्यक्रम में कुल उपस्थिति 111 रही।

**भरपूर लोगों की उपस्थिति रही :** कार्यक्रम व्यवस्था में सेवा भारती के संरक्षक महेंद्र खण्डेलवाल, अखिल अग्रवाल, डाक्टर जितेंद्र, अरुण गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, दयानन्द शर्मा, विनीत, गौरव, अजय गुप्ता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भोजन प्रमुख अरुण गुप्ता ने स्वादिष्ट जलपान और भोजन की व्यवस्था की जिसका सभी अतिथियों, शिक्षकों शिक्षिकाओं ने आनंद लिया। मंजूश्री और प्रियंका के द्वारा की गई फूलों की सज्जा और रंगोली ने कार्यक्रम स्थल को बहुत ही सुंदर बना दिया था। मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने प्रमुख मीडिया बंधुओं को आमंत्रित किया।

## अकबरपुर बहरामपुर स्थित स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन को दिया जाएगा नया स्वरूप

# कूड़ा निस्तारण के लिए चल रहे कार्यों का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

### नगर आयुक्त ने किया टीम को मोटिवेट, आधुनिकीकरण को बढ़ावा देते हुए सहजता से कार्य करने के दिये निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा अकबरपुर बहरामपुर स्थित स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण निगम अधिकारियों के साथ किया गया तथा वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया। मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र चौधरी, प्रभारी संपत्ति पल्लवी तथा, जे एस एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की पूरी टीम उपस्थित रही जिनके द्वारा कूड़े निस्तारण की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा कार्य कर रही टीम को मोटिवेट किया तथा आधुनिकरण को बढ़ावा देते हुए उपकरणों के माध्यम से सहजता से कूड़ा निस्तारण कार्यवाही को तेजी दी जाए निर्देश दिए गए।



नगर आयुक्त द्वारा बताया गया विजयनगर क्षेत्र की कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया को और अधिक तीव्रता से करने के लिए स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन पर लगे हुए उपकरणों को आधुनिकीकरण के क्रम में रफ्तार दी जाएगी, तथा क्षेत्रफल भी बढ़ाया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियां पार्क हो सकेंगी तथा क्षेत्र से एकत्र कूड़े को सरलता से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र वासियों को भी लाभ मिलेगा, अकबरपुर बहरामपुर स्थित स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन को एक भव्य रूप देने की तैयारी में निगम लगा हुआ है, योजना के क्रम में कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए जे एस एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर जीवन को भी कूड़ा कलेक्शन पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया जिसकी मॉनिटरिंग के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए।

### विजयनगर क्षेत्र में निगम चला रहा विशेष स्वच्छता अभियान : नगर आयुक्त



करंट क्राइम। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि विजयनगर क्षेत्र की हर घर से जो गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आते हैं समय से कूड़ा कलेक्शन का कार्य हो रहा है। लगभग 85 गाड़ियां विजयनगर क्षेत्र में कूड़ा कलेक्शन के लिए लगी हुई हैं जिनमें से 20 गाड़ियां लगभग मुख्य मार्गो की सफाई में भी लगी हुई है। जे एस एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की टीम के द्वारा भी कूड़ा पृथक्करण के लिए शहरवासियों को हर घर जाकर जागरूक भी किया जा रहा है। ट्रांसफर स्टेशन पर एकत्र हुए प्रतिदिन की कूड़े को नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए पूरा प्रोसेसिंग यूनिट पर पहुंचने का कार्य भी सहजता से चल रहा है। नगर आयुक्त द्वारा मौके पर निरीक्षण की क्रम में मुख्य अभियंता निर्माण तथा संपत्ति विभाग की टीम को ट्रांसफर स्टेशन को विस्तार देने के लिए कहा गया।

## जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है वनवासी कल्याण आश्रम : डालचंद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्र संगठन मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डालचंद ने कहा यह व्यक्ति आधारित संगठन नहीं है। समाज आधारित संगठन है। सभी जनजातियों के चेहरों पर मुस्कान आए, इस हेतु संगठन काम कर रही है। पूरे भारत वर्ष में 700 जनजातियां हैं जिसमें 500 जनजातियों तक सेवा के माध्यम से संपर्क है। बहुत सारे प्रकल्पों के माध्यम से जनजाति समाज के विकास का आयाम स्थापित करने के लिए संघन संपर्क चल रहा है।

वे रविवार को कवि नगर स्थित रामलीला मैदान के जानकी भवन में वनवासी कल्याण आश्रम की गाजियाबाद इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना 26 दिसंबर 1952 को जशपुर (छत्तीसगढ़) में की गई थी। आज पूरे भारतवर्ष में जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए काम चल रहा है। 68 वर्षों से यह संस्था निरंतर जनजाति समाज के बीच सेवा कार्य कर रही है।





उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के अधिकतर लोग गरीबी एवं कठिनाइयों में रहते हुए भी धर्म नहीं बदले। जब-जब देश में लड़ाई हुई तब सबसे पहले इसी जनजाति समाज के लोगों ने आंदोलन में अपनी आहूति दी। मुख्यअतिथि श्याम तायल ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम जनजाति समाज का सबसे बड़ा संगठन है। इस संगठन ने जनजाति समाज की अस्मिता को बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह संस्था जनजाति समाज के सवार्गीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है।

विशिष्ट अतिथि जन्म में मिशन की संचालिका ब्रह्मचारिणी प्रनीति चैतन्य ने कहा कि धर्म-संस्कृति की रक्षा करते हुए सारे समाज को एकजुट करने का कल्याण आश्रम का यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर रुद्रपुर स्थित दूधिया बाबा कन्या छात्रावास की उन बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जिनके लिए यह संस्था समाज से सहयोग प्राप्त कर उनके उत्थान का कार्य कर रही है। इन बालिकाओं ने शिव वंदना, लक्ष्मी बाई नृत्य, एकल गीत, कश्मीर का प्रसिद्ध नृत्य गद्दी, असम का प्रसिद्ध नृत्य बिहू और सामूहिक योग जैसे कार्यक्रमों को पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करने वालों में आयुष विनय सिंघल मोनिका अनामिका राहुल यादव मनीष अग्रवाल विनय सिंगल राजवीर सिंह प्रमुख रहे। गाजियाबाद इकाई के महानगर अध्यक्ष सचिन सिंघल एवं संयोजक मनीष सी ए ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अम्बरीष सिंह एवं विवेक सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंघल, दिनेश गर्ग, डॉ अरुण अरोरा, सौरभ सिंहल, दिवाकर सिंघल, भानु सिसोदिया, रणवीर सिंह गुलशन बजाज एवं अश्विनी शर्मा ने सहयोग किया।




### किस मेम्बर को उठाकर ले गई हरियाणा पुलिस

वैसे तो वो मेम्बर एक्स हो चुके हैं और उनकी श्रीमती मेम्बर हैं। लेकिन मेम्बरी में वो मति अपनी पूरी चलाते हैं और इस मति का असर ये हुआ कि वो पुलिस गति को प्राप्त हो गये। मामला, धोखेबाजी का मेम्बर जी का कैरेक्टर बिल्कुल फाईन है लेकिन दिक्कत जो है वो ये है कि एक पर्चे पर उनके साईन है। ऐसा तो नदिया के इस पार से लेकर उस पार तक हो रहा है कि जलवा पत्नी का है और मेम्बर पति मजे ले रहे हैं। बैठकों में वो जरूर आउट है लेकिन मौहल्ले की हर पंचायत में वो खडे हैं। विकास की दो ईंटे लगनी है तो फूलों की चार माला पहले मेम्बर पति के गले में पडेंगी। खैर इस बार मेम्बर पति के गले में आफत पड़ गई है। बताते हैं कि उन्होंने आदतन एक पर्चे पर साईन कर दिये और जिस पर्चे पर साईन करें उस महिले के चर्चे दूर तक थे। मामला धोखे का था और सीन में कुछ संगीन आ गया। यहीं से स्टोरी में टर्न आ गया और हरियाणा पुलिस उस दस्तखत के आधार पर गाजियाबाद आ गई और मेम्बर जी के दरवाजे पर दस्तक दे दी। मेम्बर जी का मस्तक घूम गया। लेकिन हरियाणा पुलिस ने मेम्बर जी को अपनी कार में बिठा लिया। मेम्बर जी बताते रहे कि यूपी में हमारी सरकार है मगर हरियाणा पुलिस ने कह दिया कि चुपचाप बैठो ये पुलिस वाली कार है। अभी प्यार से पुचकार कर ले जा रहे हैं अगर ज्यादा शिफारिश लगाओगे तो कठोरता से ले जायेंगे। सुना है मेम्बर जी ने अब किसी भी पर्चे पर साईन करने से कान पकड़ लिये है।

### बूथ अध्यक्ष के निकले बोल मेरे दरवाजे नहीं बजा ढोल

भगवा आर्मी 2027 के चुनावी रण के लिए तैयारी कर रही है। उसने इसके लिए मंडल पर नियुक्तियां की हैं और फूल वालों के यहां रूल तो ये है कि बूथ अध्यक्ष जो भी देवतुल्य बनेगा उसके दरवाजे पर ढोल बजेगा। बूथ की सीमा में आने वाला पदाधिकारी भले वो सांसद हों या विधायक हों, वो बूथ अध्यक्ष के घर जायेंगे और स्वयं उसकी नेम प्लेट लगायेंगे। मगर कहानी में ट्विस्ट ये है कि लिस्ट में मंडल अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष बना दिये और बूथ अध्यक्ष बनने वाले को पता भी नहीं कि वो बूथ अध्यक्ष बन गया। किस्सा भगवा मंडल का है और बताते हैं कि मंडल प्रधान ने बूथ की लिस्ट तैयार की और कहानी में मोड तब आया जब मंडल प्रधान द्वारा बनाये गये बूथ अध्यक्ष के पास लखनऊ से फोन आया। लखनऊ वालों ने पूछा कि आपको बूथ अध्यक्ष बनाया गया है तो इधर से पूछा गया कि आप कौन हैं और मुझे किसने बूथ अध्यक्ष बनाया। तब लखनऊ वाले भी चौंके और कहा कि क्या आपको मंडल अध्यक्ष ने नहीं बताया। सुना है इसके बाद मंडल अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष से ये मनुहार की कि वो इस मामले को ज्यादा तूल ना दें। वहीं बूथ अध्यक्ष बनने वाले को इस बात का गिला है कि वैसे तो किसी हमें किसी मीटिंग में नहीं बुलाते, वैसे तो नहीं सूचना देते और वैसे हमें बूथ अध्यक्ष बना दिया और हमें बताया भी नहीं। फूल वाले ही कह रहे हैं कि सब कुछ लहर के भरोसे चल रहा है आप खुद देख लो कि मंडल में क्या चल रहा है।

### मिनट्स में आ गया हरियाणा के विधायक जी वाला ट्विस्ट

नगर निगम में अब से पहले भी मीटिंग हुई हैं और मीटिंग में हूटिंग भी हुई है। मीटिंग में मोबाईल फोन से शूटिंग भी हुई है लेकिन ऐसी झूटिंग किसी मीटिंग में नहीं हुई। पूरे सदन के सामने ऐलान हो गया और उसके बाद मिनट्स का मुद्दा इतना महान हो गया कि अधिकारी झूठे पड़ गये। मैडम खामोश रह गईं और निगम में कभी लाईट कटी, कभी आग लगी और कभी किसी के यहां ट्रेजडी हो गई। सुना है अब निगम ने अब जवाब दाखिल किया है और जवाब में नदिया पार का वसुंधरा इलाका बेस बनाया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि जनप्रतिनिधियों का भी ईलाज खोज लिया गया है और यूपी वाले नगर निगम में हरियाणा वाले विधायक जी की एन्ट्री हुई है। हरियाणा के एक विधायक का विरोध और उनके हाउस टैक्स की नजीर अदालत में पेश की गई है। बताया गया है कि विधायक जी विरोध कर रहे थे और अदालत ने टैक्स सही माना है। कहानी का पेज खुल ही जायेगा लेकिन लड़ाई किस हद तक गई है ये फेस खुलकर सामने आ गया है।




# अब साइबर को लेकर होगा काम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार आमजन को लेकर कई अभियान चलाए जा रहे हैं। इनका मकसद लोगों को पुलिस के जरिये बेहतर सेवा मिले तो लोगों को परेशान नहीं होना पड़े, इसलिए जनउपयोगी पुलिसिंग प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अब साइबर क्राइम को लेकर कमान संभाली जा रही है। जिसके तहत जहां बीते दो दिनों में एक बाद एक एसीपी व क्राइम पर काम करने वाले प्रमुख पुलिसकर्मियों को फीस्ड पर उतारने का काम शुरु कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के साहब ने अब साइबर क्राइम रोकने, इसको लेकर जागरूकता फैलाने से लेकर साइबर क्राइम वाले थाने में स्टॉफ बढ़ाने से लेकर उनकी वर्किंग में गुणवत्ता लाने के निर्देश बीते दिनों ही दे दिए गए थे। अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब पुलिस रविवार को भी एक्शन वाले मोड में नजर आनी शुरू हो गई है। कई एसीपी बीते दो दिनों के दौरान अपनी तस्वरों व कार्यक्रमों के जरिये संदेश दें चके हें कि वो लगातार साइबर क्राइम रोकने के लिए फील्ड पर अलर्ट हो चुके हैं तो अब जनता और ऐसे लोग जो सर्वाधिक साइबर ठगों का शिकार हो रहे हैं, ऐसे लोगों को जागरूक बनाने का काम किया जाएगा। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में प्रुमख स्थानों, पेट्रोल पंप, मॉल, स्टेशन मेट्रो, नमो भारत के स्टेशन से लेकर कई प्रमुख इलाकों में साइबर क्राइम रोकने व इसके होने के बाद क्या किया जाए और कैसे इसको रोकने का प्लान बने, इस पर पूरे जोरदार तरीके से इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में कार्यशालाएं लगाई जा रही हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट में आने वाले दिनों में कई और बड़े व प्रमुख कार्य और शुरु किए जाने की जानकारी मिल रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम को पहले से ज्यादा बेस्ट और क्राइम फ्री बनाने के लिए लगातार मंथन हो रहा है, जिसके जल्द ही परिणाम भी आने शुरु होंगे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने यह भी बताया है कि सिटी जोन में आने वाले साइबर थाने को अब जल्द ही अधिकारी सबसे ज्यादा मॉनीटरिंग वाले थाने के रूप में लेना शुरू करेंगे। इसी चर्चा सुनाई दे रही है। वहीं बताया जा रहा है कि जल्द ही यहां पर प्रतिदिन कोई सा कोई आईपीएस अधिकारी भी निरीक्षण कर कार्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का काम करवाएगा।




## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम


Ravindra Tyagi
1h
आज मित्रता दिवस है हमारी भी चार दोस्तों की एक छोटी सी फुलवारी थी पर इस फुलवारी में के एक फूल को खिजा खा गई पर हमारे प्रिय मित्र (डॉ दुष्यंत जी) तुम आज भी हमारे दिलों में ज़िंदा हो। मेरे तीनों मित्रो व मेरे और सारे मित्रो को मित्र दिवस की हार्दिक बधाई 🙏


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मित्रता दिवस पर रविंद्र त्यागी ने अपनी मित्र मंडली का फोटो पोस्ट किया और चौकड़ी में से जुदा हो गए एक मित्र दुष्यंत त्यागी को याद किया। फोटो में मित्र मंडली में वीवीआईपी समूह के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, स्वर्गीय दुष्यंत त्यागी और बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रविंद्र त्यागी मित्र मंडली वाले अंदाज में है। मित्रता दिवस पर रविंद्र त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में पुलिस ने साइबर क्राइम की रोकथाम की जानकारी दी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में रविवार को पुलिस द्वारा साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत रेसीडेंट्स को जागरूक किया गया। आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि जागरूकता अभियान में रेसीडेंट्स ने ऑनलाइन ठगी के अनुभव सुनाये और पुलिस अधिकारियों से साइबर ठगी से बचने के उपाय की जानकारी हासिल की। अभियान के मुख्य अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त नितेश त्रिपाठी ने बताया जागरूकता के अभाव में लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे है। इसलिए जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी दिनेश कुमार ने साइबर और साइबर अपराध सेल के एस आई सिद्धार्थ चौधरी, कांस्टेबल शीतल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से साइबर ठगी के तरीके और उनसे बचने के उपाय समझाये। मंच संचालन प्रमुख समाज सेवी कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि साइबर जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव का उपाय है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रंजन, आशीष गोयल, भरत अग्रवाल, अमित मिश्रा, एस एल वत्स, अमित तिवारी, एस के गुप्ता, जगदीश मनराल, आकाश भारद्वाज, इंद्र विजय सिंह, विकास चंद्रा, आदि उपस्थित रहे।

# सैनी कुशवाहा वेलफेयर सोसाइटी की बैठक आयोजित



### समाज में व्याप्त रूढ़िवादिता को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संस्था प्रतिबद्ध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सैनी कुशवाहा वेलफेयर सोसाइटी की मीटिंग सेंकेड सी64 नेहरू नगर में हुई, जिसने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी और मीटिंग में उपस्थित कोई भी सदस्य मृत्यु भोज या ब्रह्म भोज का आयोजन नहीं करेगा। केवल श्रद्धांजलि सभा होगी। इस रूढ़िवादिता को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संस्था समाज को जागरूक करने का कार्य करेगी।

इसके अलावा संस्था राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फूले के द्वारा स्थापित किए गए सत्य पर आधारित सत्य शोधक समाज (वर्ण और जातिगत भेदभाव मुक्त समाज) को भी पुनर्स्थापित करने का कार्य करेगी। फूले दंपत्ति के आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ साथ समाज में व्याप्त पाखंड और अंधविश्वास को दूर करने का कार्य करेगी।

मीटिंग में विमल कुमार शाक्य, शिशुपाल सैनी, कुंवरपाल सिंह सैनी, मंजू रत्ना, बबीता सैनी, सतीश सैनी, डॉक्टर पवन सैनी, संतोष मौर्य, दारा सिंह कुशवाहा, डॉक्टर रामकिशोर सैनी, भुपाल सिंह सैनी, वी एन मौर्य, अजय मौर्य, महेंद्र पाल सिंह शाक्य, गौरव मौर्य, गोकिल शाक्य, प्रताप नारायण शाक्य, पवन सैनी आदि उपस्थित रहे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक लंबा अरसा हो गया है, हम जब भी कार्यालय पर बैठते हैं हमको आती है उनकी बहुत याद? हम देख रहे हैं पूरे काम से ईश्वर की तमन्ना रखने वाले भाई साहब आजकल नहीं आ रहे हैं भाजपा कार्यालय गाजियाबाद? पता नहीं क्यों उन्होंने यहां आने से बनाई हुई है दूरी? मगर हमें ये भी पता है कि उनके कार्यालय से कुछ ही दूर वाले स्थान पर हो जाते हैं सुबह-सुबह दीदार? कहने वाले ने कहा मामला लगभग सेम-टू-सेम है अगर वो वहां आ रहे हैं तो यहां आकर क्यों करें अपना समय बेकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मीडिया वाले दूसरे चेहरे के अंदर से जारी हो ही नहीं सकते हैं विज्ञप्ति वाले शब्द? हमें पता है कि जब भी कोई ऐबसेंट होता है तो क्यों विज्ञप्ति बनाने में लगता है इस चेहरे को वक्त? कहने वाले ने कहा इनका है बाजीगर वाले फिल्म वाली जॉनी लीवर जैसा अंदाज? ये उंगली तो इधर दिखाते हैं मगर हकीकत में ये हैं उधर वालों के साथ? कहने वाले ने कहा समझने वाले इतने से ही समझ जायें? हमें पता है इतने में आ जायेगा सारा मसाला उनके हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप अगर दे रहे हो एक बात पर बारीकी से ध्यान? आप देखना जिस मीटिंग में गर्ग जनप्रतिनिधि मौजूद होते हैं उस मीटिंग में सिटिंग नहीं देते गोयल जनप्रतिनिधि श्रीमान? कहने वाले ने कहा जब भी ऐसा कुछ होता है? तो लग जाता है गोयल साहब का जनपद से बाहर का टूर? कहने वाले ने कहा हमको ये दूरियां अभी तक समझ नहीं आ रही हैं हुजूर? साहब के जाने के बाद तो अब पहले से हो गया है संबंधों का तीखापन कम? फिर भी ना जाने क्यों निभाये जा रहे हैं दूरियों के सितम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपसे कह ही रहे थे कि आप कितना ही कुछ भी लिख लो हाउस टैक्स और मिनट्स वाले मुद्दे पर भगवा रेड फेस मैन रहेंगे पूरी तरह खामोश? नहीं दिखायेंगे वो इस मैटर में बिल्कुल भी अपना जोश? नहीं करेंगे वो तनाव में अपना लाल चेहरा हल्का सा भी ब्लैक? क्योंकि उनके दिल में है जीडीए में जाने का फ्लैश? कहने वाले ने कहा बोर्ड मैम्बरी के लिए उन्होंने किया हुआ है खुद को खामोश? देखना अगर इस सवाल के बाद भी उनका रिप्लाई ना आये? तो समझ लेना खामोशी के बीच में है मैम्बरी का ही दोष?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें ये बात लगी बहुत ही अजीब? जब मैम्बर और उनके हसबैंड घर पर नहीं थे तो फिर काटने वालों ने वहां जाकर क्यों काटा हंगामा? कहने वाले ने कहा हो सकता है इस हंगामें के पीछे हो जायज बात? मगर पार्टी वाले ही पार्टी वालों के खिलाफ बोलेंगे तो इसका क्या संदेश जायेगा साहब? कहने वाले ने कहा अब हम इस मामले में कर रहे हैं भगवा योद्धा की दखल का इंतजार? अब वो ही तय करेंगे कौन इस मैटर में गलत है और कौन सही है यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ऐसा पहले नहीं दिखा हमें कभी नजारा? जैसा करके दिखाया है लाईन पार के ठाकुर चेहरे ने यार? फोड़ दिये उन्होंने भाभी जी के अवतरण दिवस की खुशी में पटाखे? अब सबको हैरान कर रहे हैं ये धमाके? कहने वाले ने कहा कि ना जाने क्यों वो दिखा रहे हैं इतना जोश? चाहत तो उनकी तरह औरों की तरह पद लेने की है? मगर उन चेहरों ने किया हुआ है खुद को खामोश? फिर कहने वाले ने कहा अब हम इस मामले में ज्यादा बोलेंगे तो आ जायेगा उनके अंदर रोष?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब आ गये हैं भगवा संगठन के पास बहुत सारे प्रोग्राम? देखना अब ये है जो जोशीले पहले काफी उछल-कूद करके दिखा रहे थे? अब वो कितना देंगे इन कार्यक्रमों पर ध्यान? कहने वाले ने कहा कि अब इन कार्यक्रम को आप मानों संगठन में आने का सेमीफाईनल? अगर दूरी बनाने वालों ने बना ली दूरी? तो समझ लेना योद्धा का उन्हें टीम से दूर कर देना फिर नहीं होगी कोई मजबूरी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बैठे थे कोई बड़े नेता किसी के साथ? कर रहे थे वो अग्रवाल जी के यहां आने वाले बड़े-बड़े नेताओं की बात? कस रहे थे वो लगातार हंस हंस कर ताना? कह रहे थे इस तरह के मुंह दिखाई वाले कार्यक्रमों से कुछ भी नहीं होना है, ये बात उन्हें कोई समझाना? उन्होंने कहा अब पार्टी का सिस्टम हो गया है अलग? यहां मेल-मिलाप से बात नहीं बनती है? होना पड़ता है अलग ही अंदाज में फलक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा सांवरे-सांवरे से सांवरिया आजकल फ्रंट-फुट पर खेल रहे हैं यार? हम देख रहे हैं बिरादरी वाले कार्यक्रमों में वो ध्यान लगा रहे हैं लगातार? खास बात ये है कि उनके कार्यक्रमों में बिरादरी के प्रमुख चेहरे भी शामिल होकर दिखा रहे हैं अपना पूरा जोश? चर्चा अब ये चल पड़ी है कि बिरादरी के रत्न बनकर वो दूर करेंगे अपनी राजनीति का कोई दोष? जब आयेगी चुनाव की बेला, तो नहीं रहेंगे वो खामोश? बिरादरी के चेहरे ही भरते दिखाई देंगे उनकी दावेदारी में जोश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा ने आने वाले कार्यक्रम को दे दी है कुछ चेहरों को मजबूत वाले जिम्मेदारी? इस जिम्मेदारी को देख कर लग रहा है कि वो अब अपनी मेन टीम में खिलायेंगे इनको पारी? बॉबी भैया को बना दिया है पंचायत चुनाव का संयोजक? तिरंगा यात्रा के मिस्टर डेढा बन गये हैं आयोजक? कहने वाले ने कहा एक पर विधायक जी कृपा तो दूसरे पर है प्रदेश वाले चौधरी साहब का आशीर्वाद? ये जिम्मेदारियां करा रहीं हैं अभी से इनके टीम में आने का आभास?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कामचटका के बाद कुरील द्वीप पर आया शक्तिशाली भूकंप
# रिक्टर पैमाने पर 7.0 तीव्रता, सुनामी की चेतावनी

**मॉस्को ।** रूस के आपात सेवा मंत्रालय ने इसे लेकर रविवार को चेतावनी जारी की। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर जारी संदेश में कहा, उम्मीद है कि लहरों की ऊंचाई कम रहेगी, लेकिन इसके बावजूद आपको तट से दूर जाना चाहिए। अधिकारियों ने लोगों से समुद्री किनारों और निचले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की अपील की है।

अमेरिकी और प्रशांत एजेंसियों की रिपोर्ट प्रशांत सुनामी चेतावनी प्रणाली और अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने भी भूकंप की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने कहा कि इस भूकंप से कोई बड़ा सुनामी खतरा नहीं है।




450 साल बाद फटा ज्वालामुखी बता दें कि इस भूकंप से कुछ ही घंटे पहले कामचटका क्षेत्र में क्राशेनिनिकोव ज्वालामुखी फट पड़ा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी और वैज्ञानिकों ने इसकी पुष्टि की है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह ज्वालामुखी करीब 450 साल बाद पहली बार फटा है। यह ज्वालामुखी पिछली बार वर्ष 1550 में फटा था। पहले ही जारी की गई थी चेतावनी रूस के वैज्ञानिकों ने पिछले सप्ताह ही चेतावनी दी थी कि क्षेत्र में तेज भूकंप के झटकों के बाद आफ्टरशॉक्स और भूगर्भीय हलचलें आने के आसार हैं। इससे पहले, इसी क्षेत्र में क्लूचेवस्कॉय ज्वालामुखी भी फट चुका है, जो कि कामचटका का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है। ज्वालामुखी फटने के बाद 6,000 मीटर (करीब 3.7 मील) तक राख का बड़ा गुबार आकाश में फैल गया है।

**रूस के कामचटका में 8.8 तीव्रता के आए भूकंप के बाद अब कुरील द्वीप समूह पर 7.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इस भूकंप के बाद रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र कामचटका के तीन हिस्सों में सुनामी की आशंका जताई गई है**

# यूएसः बार में चार लोगों के संदिग्ध हत्यारे पूर्व सैनिक की तलाश जारी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के मोंटाना के एनाकोंडा नामक कस्बे में एक बार में चार लोगों की हत्या के संदिग्ध आरोपी की तलाश दूसरे दिन भी जारी है। पुलिस आरोपी की तलाश पहाड़ों और जंगलों में कर रही है। पुलिसकर्मी पैदल पहाड़ों में संदिग्ध आरोपी को ढूंढ रहे हैं, वहीं हेलीकॉप्टर के जरिए आसमान से भी नजर रखी जा रही है। पूर्व सैनिक पर बार में चार लोगों की हत्या का शक संदिग्ध आरोपी की पहचान माइकल पॉल ब्राउन (45 वर्षीय) के रूप में हुई है। आरोप है कि एनाकोंडा के एक बार में चार लोगों की हत्या कर दी गई। घटना के बाद माइकल ब्राउन बार से एक पिकअप ट्रक में फरार होते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। ऐसे में माइकल पर हत्या का शक जताया जा रहा है। मारे गए लोगों में तीन ग्राहक और एक बारटेंडर शामिल था। माइकल एक सीसीटीवी में कुछ




सीढ़ियां उतरते हुए दिखाई दिया है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि माइकल ने सिर्फ एक काले रंग की हाफ पैंट पहनी है और कुछ नहीं पहना। पुलिस द्वारा आरोपी की ये तस्वीर जारी की गई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों के लिए जारी किया अलर्ट पुलिस ने स्थानीय लोगों को चेतावनी जारी कर अलर्ट रहने को कहा है। पुलिस ने लोगों से कहा है कि लोग अपने व्यवसाय खोल सकते हैं, लेकिन अलर्ट रहें। वहीं लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। बार के मालिक ने बताया कि माइकल ब्राउन बार के पास स्थित घर में ही रहता था। घटना के वक्त वे बार में नहीं थे। बार मालिक ने बताया कि घटना में मारे गए लोगों को ब्राउन पहले से जानता था और संदिग्ध आरोपी की पीड़ितों से कोई पुरानी दुश्मनी भी नहीं थी।

# पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ आईसीटी में मुकदमा शुरू
## अंतरिम सरकार बोली- शेख हसीना सभी अपराधों की जड़

**ढाका ।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मानवता के खिलाफ मुकदमा शुरू कर दिया है। यह मुकदमा उनकी गैरमौजूदगी में चल रहा है। मामला 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक तरीके से दबाने से जुड़ा है। अंतरिम सरकार ने उन पर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया है।

अंतरिम सरकार की ओर से नियुक्त मुख्य अभियोजक तजुल इस्लाम ने अपनी शुरूआती दलील में शेख हसीना को 'सभी अपराधों की जड़' बताया और



उनके लिए अधिकतम सजा की मांग की। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में हसीना के दो मुख्य सहयोगियों के नाम भी शामिल किए हैं। इनमें पूर्व गृह मंत्री असादुज्जमान खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल ममून शामिल हैं।

आईसीटी ने हसीना पर कई आरोपों के आधार पर कार्यवाही शुरू की है। सबसे बड़ा आरोप यह है कि उन्होंने छात्र आंदोलन को दबाने के लिए हत्या और उत्पीड़न जैसी कार्रवाइयां कीं। यह आंदोलन इतना बड़ा हो गया था कि पांच अगस्त 2024 को उनकी आवामी लीग सरकार गिर गई थी।

जहां शेख हसीना और कमाल पर गैरमौजूदगी में मुकदमा चल रहा है। वहीं ममून को हिरासत में लिया गया है और उन्होंने इस मामले में सरकारी गवाह बनने पर सहमति दी है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में वह ऐसे लोगों को गवाह के रूप में पेश करेगा, जो विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए थे या जिन्होंने हिंसा को अपनी आंखों से देखा था। शेख हसीना ने पांच अगस्त 2024 को बांग्लादेश छोड़ दिया था। जब देश में अशांति बढ़ती जा रही थी। फिलहाल वह भारत में रह रही हैं।

# प्रवासी भारतीयों को घर के पास ही मिलेगी कांसुलर सेवाएं
## डलास में खुला नया भारतीय दूतावास आवेदन केंद्र

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में प्रवासी भारतीयों को अब घर के पास ही कांसुलर सेवाएं मिल जाएंगीं। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टेक्सास के डलास में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र (आईसीएसी) का उद्घाटन किया। इसके बाद डलास-फोर्ट वर्थ क्षेत्र में रह रहे हजारों भारतीय मूल के निवासियों को आवश्यक वाणिज्य दूतावास सेवाएं मिल सकेंगी।

8360 लिंडन बी जॉनसन फ्रीवे सुइट ए-230 में खुले नए केंद्र का उद्घाटन संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने वर्चुअल रूप से किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका भर में नए कांसुलर आवेदन केंद्रों का शुभारंभ प्रवासी भारतीयों को उनके घरों के पास सेवाएं प्रदान करके उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान



करने के हमारे मिशन का हिस्सा है। हम भारत और उसके वैश्विक समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने कहा कि डलास में बड़ा भारतीय समुदाय है। इस आईसीएसी के खुलने के बाद अब प्रवासी भारतीय ह्यूस्टन जाए बिना ही जरूरी कांसुलर सेवाओं का तुरंत लाभ उठा सकते हैं। यह वास्तव में वाणिज्य दूतावास को आपके दरवाजे तक ला रहा है।

स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों ने भी इस कदम का स्वागत किया। टेक्सास राज्य प्रतिनिधि विक्की गुडविन ने कहा कि नया वाणिज्य दूतावास केंद्र हमारे भारतीय-अमेरिकी पड़ोसियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है, जो सरकारी सेवाओं को और अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाता है। डलास इंडियन एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि आईसीएसी डलास क्षेत्र के निवासियों के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव है। यह भारत के अपने प्रवासी समुदाय के प्रति समर्पण को दशार्ता है और लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाता है।नौ जगह खोले जाएंगे केंद्र डलास आईसीएसी उन नौ केंद्रों में से एक है जो संयुक्त राज्य अमेरिका में वाणिज्य दूतावास सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए खोले जा रहे हैं।

# हमास कमांडर सलाह अल-दीन जारा को आईडीएफ ने मार गिराया, गाजा सुरंग में छिपे आतंकियों ने किया आत्मसमर्पण

**तेल अवीव ।** इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने हमास कमांडर सलाह अल-दीन जारा को मार गिराया है। वह हमास आतंकवादी संगठन में अल-फुरकान बटालियन का उप-कमांडर था। आईडीएफ का कहना है कि वह 24 जुलाई, 2025 को मारा गया। इसके अलावा, उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनून इलाके में सुरंग में छिपे आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

गाजा सुरंग में छिपे आतंकियों का आत्मसमर्पण इस्राइली सेना ने शनिवार को उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनून इलाके में एक अभियान चलाया। इस दौरान सेना ने इलाके में एक सुरंग के शाफ्ट से निकले कई आतंकवादियों की पहचान की। आतंकवादियों ने सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और



उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

आतंकियों ने घटनास्थल से भागने की बनाई थी योजना बेत हनून इलाके में मौजूद सुरक्षा बलों ने आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादियों से पूछताछ की। इस दौरान आतंकवादियों ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल से भागने की योजना बनाई थी, क्योंकि शाफ्ट में उनके साथ मौजूद एक अन्य आतंकवादी आईडीएफ के साथ झड़प में मारा गया था।

इस्राइली सेना ने घटनास्थल से जब्त किए कई हथियार आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादियों ने बेत हनून इलाके में शाफ्ट के पास एक हथियार डिपो के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद आतंकवादी इस्राइली सेना को वहां लेकर गए। इस्राइली सेना ने घटनास्थल से से कई हथियार जब्त किए, जिनमें जैकेट, कारतूस, ग्रेनेड और हथियार शामिल हैं। इस्राइली सेना ने बताया कि सुरंग के अंदर लंबे समय तक रहने के लिए उपकरण, भोजन, पानी और स्वच्छता संबंधी उपकरण मौजूद थे।

# प्राचीन दाई परंपरा बन रही मातृत्व संकट का हल

**कम्पाला ।** आज जब आधुनिक अस्पतालों और तकनीक से लैस प्रसव केंद्रों के बावजूद दुनियाभर में मातृत्व मृत्यु दर चिंताजनक बनी हुई है, एक पुरातन प्रणाली दाई प्रथा चुपचाप एक नई उम्मीद बनकर उभर रही है।

नेशनल ज्योग्राफिक की रिपोर्ट बताती है कि युगांडा के ग्रामीण अंचलों से लेकर अमेरिका के शहरी अस्पतालों तक, दाई प्रणाली फिर से अपने पैरों पर खड़ी हो रही है। मिडवाइफरी की व्यवस्थापक कैटलिन कार्सलन ने कहा, उत्तरी युगांडा के एक गांव से सुबह 5 बजे फोन आता है, महिला प्रसव पीड़ा में है। फोन येल विवि से जुड़े मदर हेल्थ इंटरनेशनल (एमएचआई) में उठाया गया और मात्र 40 से 45 मिनट में एक मोटरसाइकिल, एक दाई और एक टीम, सब कुछ तैयार होता है। न कोई भागमभाग, न अनावश्यक ऑपरेशन। थोड़ी देर बाद उस महिला के सीने पर उसकी नवजात बेटी होती है बिल्कुल



सुरक्षित।

तो क्या अमेरिका सीख सकता है युगांडा से रिपोर्ट बताती है अमेरिका में प्रतिवर्ष 700 महिलाएं प्रसव के दौरान या उसके बाद मर जाती हैं यह विकसित देशों में सबसे अधिक है। ऐसे में उम्मीद है कि अमेरिका युगांडा से नसीहत ले।

अमेरिका में दाई मॉडल वापसी की मांग अमेरिका में मातृत्व सेवाएं गहरे संकट में हैं। ऐसे में अब विशेषज्ञ दाई केंद्रित मॉडल को पुनर्जीवित करने की वकालत कर रहे हैं। यह काफी उपयोगी है।

### नस्ली असमानता से उपजा अविश्वास

अमेरिका में अश्वेत स्त्रियों की पीड़ा को कम आंका जाता है। उन्हें पर्याप्त सूचना नहीं दी जाती या उनकी सहमति के बिना निर्णय लिए जाते हैं। यह असमानता से उपजा अविश्वास है।

प्राचीन परंपरा, आधुनिक समाधान दाई प्रथा का उल्लेख सबसे पुराने ग्रंथों में मिलता है। अमेरिका में भी ग्रैनी मिडवाइव्स व अश्वेत दाइयां जो गुलामी के दौर में भी नवजात शिशुओं को जन्म दिलाती थीं, एक मजबूत स्तंभ थीं। लेकिन 19वीं सदी के अंत में अस्पताल-आधारित प्रसव ने इस परंपरा को लगभग समाप्त कर दिया।

# यूक्रेन के परमाणु केंद्र पर हमला, अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी का दावा- धमाके के बाद धुआं उठता देखा

**कीव ।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने शनिवार को दावा किया है कि यूक्रेन के एक परमाणु केंद्र पर हमला हुआ है। एजेंसी ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन के जापोरिजिया परमाणु केंद्र के नजदीक धमाके की आवाज सुनी और परमाणु केंद्र के एक हिस्से से धुंआ उठता देखा। अभी धमाके में हुए नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

### एजेंसी का दावा- परमाणु केंद्र पर हमला हुआ

कआएअ ने बयान में कहा कि परमाणु संयंत्र की एक सहायक सुविधा पर हमला हुआ। परमाणु निगरानी संस्था ने कहा, 'जापोरिजिया परमाणु ऊर्जा केंद्र की सहायक सुविधा, मुख्य केंद्र की परिधि से 1,200 मीटर की



दूरी पर स्थित है और कआएअ की टीम को दोपहर में भी उस दिशा से धुआं निकलता देखा था। गौरतलब है कि मार्च 2022 में भी जापोरिजिया परमाणु संयंत्र पर हमला हुआ था। छह इकाइयों वाले इस संयंत्र पर मिसाइल से हमला किया गया था, लेकिन गनीमत रही कि उससे कोई रेडियोधर्मी पदार्थ नहीं निकला था। रूस की तरफ से यूक्रेन के नागरिक बुनियादी ढांचे, खासकर ऊर्जा प्रणाली पर खूब हमले किए गए हैं। इन हमलों के चलते यूक्रेन में कई बार ब्लैकआउट की स्थिति बनी। जनवरी 2023 में युद्ध को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने यूक्रेन के सभी परमाणु केंद्रों पर अपनी टीम स्थापित कर दी। इसी साल फरवरी में भी एक ड्रोन से चेरनोबिल में परमाणु केंद्र पर हमला हुआ था। इस हमले में परमाणु केंद्र के न्यू सेफ कंफाइनमेंट के आर्च की बाहरी और भीतरी दीवारें टूट गईं थी, लेकिन विकिरण नहीं हुआ था। दोनों तरफ से हमले हुए तेज रूस के सोची के पास एक तेल डिपो पर रात में हुए यूक्रेनी ड्रोन हमले से भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार के क्षेत्रीय गवर्नर वेनियामिन कोंद्रायेव ने टेलीग्राम पर बताया कि ड्रोन के मलबे के ईंधन टैंक से टकराने के बाद लगी आग लग गई।

**अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने दावा किया यूक्रेन के जापोरिजिया परमाणु केंद्र पर तैनात उनकी एक टीम ने शनिवार को परमाणु केंद्र के नजदीक धमाकों की आवाज सुनी और साथ ही नजदीकी ठिकाने से धुआं उठता देखा**

# यूएसः कैलिफोर्निया में आव्रजन एजेंटों की मनमानी पर रोक का आदेश बरकरार

**वॉशिंगटन ।** एक अमेरिकी अदालत ने कैलिफोर्निया में आव्रजन एजेंटों की मनमानी पर रोक लगाने के आदेश को बरकरार रखा है। ये अधिकारी लोगों को बिना किसी ठोस वजह के सिर्फ शक के आधार पर हिरासत में ले रहे थे, खासकर उन लोगों को जिनके पास कागजात नहीं होने का शक था।

तीन न्यायाधीशों के पैनल द्वारा शुक्रवार देर रात (स्थानीय समयानुसार) दिए गए इस फैसले ने संघीय सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें लॉस एंजेलिस में 'घूम-घूमकर गश्त' को रोकने के जुलाई के अस्थायी आदेश को पलटने की मांग की गई थी। आव्रजन अधिकार समूहों ने कहा था कि ये गश्त नस्लबेदी थीं, जिनमें लोगों को उनकी भाषा, उच्चारण या रंगरूप के आधार पर टारगेट किया जा रहा था।

कार्रवाई सांविधानिक अधिकारों



का उल्लंघन जिला न्यायाधीश मामे इवुसी-मेन्सा फ्रिम्पोंग ने पहले ही इन गिरफ्तारियों को रोकने का आदेश दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि एजेंटों द्वारा की गई ऐसी कार्रवाई व्यक्ति के सांविधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, जो उन्हें बिना वजह हिरासत में लिए जाने से बचाते हैं। उन्होंने कहा कि हिरासत 'केवल नस्ल के आधार पर' की जा रही थी, इस आधार पर कोई व्यक्ति स्पेनिश या अंग्रेजी उच्चारण के साथ बोल रहा था या अपने कार्यस्थल के कारण, और उन्होंने गिरफ्तारी रोकने का आदेश दिया।

अदालत ने जेसन गाविडिया के मामले का किया उल्लेख नौवें सर्किट की अमेरिकी अपील अदालत ने शुक्रवार को दिए फैसले में वादी जेसन गाविडिया के मामले का उल्लेख किया। गाविडिया एक अमेरिकी नागरिक हैं।

# केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संजीव गुप्ता को व्यापारी भामाशाह पुरस्कार से किया सम्मानित

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस पर दिल्ली में किया गया पुरस्कृत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली के आकाशवाणी भवन के सभागार में रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की स्थापना के 44 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन की ओर से आयोजित व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी के द्वारा समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (उद्योग मंच) के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता को व्यापारी भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### समरकूल ग्रुप की बढ़ती ग्रोथ और एसी-रेफ्रिजरेटर की शुरुआत ने जीता दिल

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया तथा देश भर के 28 प्रांतों से आये संगठन के प्रतिनिधियों ने व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। जिनके निवारण हेतु केन्द्र सरकार की ओर से व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने व्यापारियों को आस्वस्त किया। इसके पश्चात देश के विकास और जीडीपी में भामाशाह के रूप में अपना अहम योगदान करने वाले स्थापित व्यापारियों को व्यापारी भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समरकूल ग्रुप की बढ़ती ग्रोथ और एसी, रेफ्रिजरेटर की शुरुआत के मद्देनजर किया गया सम्मानित। सम्मान प्राप्ति पर संजीव कुमार गुप्ता ने भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का धन्यवाद देते हुए अपने प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा का भी आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में संगठन के हजारों पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की गाजियाबाद इकाई का किया गया गठन

## प्रभारी मेरठ मंडल अनिल अग्रवाल सांवरिया को पुनः सर्वसम्मति से जिला व महानगर अध्यक्ष का पद सौंपा गया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मानव सेवा और परोपकार के कार्यों में संलग्न अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की गाजियाबाद इकाई की जिला व महानगर की कार्यकारिणी, महिला कार्यकारिणी व युवा कार्यकारिणी का गठन मेरठ मंडल प्रभारी अनिल अग्रवाल सांवरिया ने के. पी. गुप्ता के फार्म हाउस मेरठ रोड पर किया। प्रभारी मेरठ मंडल अनिल कुमार सांवरिया को पुनः सर्वसम्मति से जिला व महानगर का अध्यक्ष पद सौंपा गया। सुनील वार्ष्णेय, संजय अग्रवाल व योगेश गोयल को वरिष्ठ महामंत्री का पद सौंपा गया। पुनीत गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, दिप्ती अरोड़ा, व रूचि गर्ग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। युवा इकाई का जिला/ महानगर अध्यक्ष गौरव गर्ग को व महामंत्री विवेक अग्रवाल को मनोनीत किया गया। महिला इकाई में सीमा गोयल को मेरठ मंडल का प्रभारी बनाया गया। ममता गर्ग को ज़िलाध्यक्ष व संगीता माहेश्वरी को प्रभारी जिला मनोनीत किया गया। रितू गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व नीरा वार्ष्णेय को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अंजू अग्रवाल, रितू सिंघल व अलका मित्तल को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।











### अनिल सांवरिया ने टीम गठन पर खुशी जाहिर की

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर अनिल सांवरिया ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की टीम का गठन करने का प्रभारी मेरठ मंडल एवं अध्यक्ष जिला/ महानगर गाजियाबाद होने के नाते मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। सभी गणमान्य अतिथियों, कार्यकताओं एवं महिलाओं की उपस्थिति में मुख्य टीम, युवा इकाई, महिला इकाई का गठन किया गया। प्रत्येक कार्यकर्ता में अपने वैश्य समाज के प्रति एक अनोखा ही जोश देखने को मिला। अनेक क्षेत्रों से आए हुए वैश्य समाज के लोग किसी न किसी क्षेत्र में अपनी विशेषता रखते हैं, उनकी उन्हीं विशेषताओं के आधार पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभी उपस्थित भाइयों और बहनों ने वैश्य समाज के उत्थान में एक नई चेतना जागृत करने का प्रण लिया। महिलाओं की उपस्थिति ने महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। मेरा बड़ा सौभाग्य है कि मुझे वैश्य समाज के अनेक विशिष्ट व्यक्तियों की ऐसी ऊजार्वान टीम का गठन करने का अवसर मिला। इसके यदि कोई अन्य व्यक्ति भी सक्रिय रूप से पदाधिकारी के रूप में कार्य करना चाहता है तो उसका स्वागत है।

### अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन एक संस्था नहीं बल्कि एक मिशन है : अनिल सांवरिया



**करंट क्राइम।** अनिल सॉंवरिया ने कहा कि अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन एक संस्था नहीं बल्कि एक मिशन है। समस्त वैश्य समाज को एक साथ जोड़ने का और उन्हें यह एहसास करने का कि हम एक है तभी सर्वश्रेष्ठ है। वैश्य कुल जनसंख्या के लगभग 18 % हैं पर हम अग्रवाल, गुप्ता, माहेश्वरी आदि में बँट जाने के कारण समाज में वो सम्मान नहीं ले पा रहे हैं जिसके हम हकदार हैं। कार्यक्रम में संरक्षक राजेंद्र महेंदी वाले, उपेन्द्र गोयल, राज किशोर गुप्ता, राम अवतार जिंदल, संजीव गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गर्ग विजय सनेटरी, के पी गुप्ता, सुनील वाष्णिय, अशोक अग्रवाल नमक वाले, सौरभ जयसवाल, अनुज मित्तल आदि ने प्रतिभाग किया।

# 6 अगस्त को मनाई जाएगी स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि : पप्पू पहलवान

**कार्यक्रम की तैयारियों हेतु बैठक सम्पन्न**

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी स्व. सुषमा स्वराज की सुपुत्री बांसुरी स्वराज। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जारी है लगातार जनसंपर्क











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेवा सुशासन के अंतर्गत, भारत की यशस्वी एवं जनप्रिय पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि के अवसर पर 6 अगस्त 2025 को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में गायत्री भवन शालीमार गार्डन पर एक कार्यात्मक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सांसद बांसुरी स्वराज उपस्थित रहेंगी। यह बैठक उत्सव (गायत्री) भवन, शालीमार गार्डन, 80 फुटा रोड (कृष्णा जूस कॉर्नर के निकट) में संपन्न हुई, जिसमें आयोजन समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, दायित्वों का निर्धारण, व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई ताकि आगामी कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न किया जा सके। बैठक के उपरांत सभी उपस्थितजनों के लिए दूध एवं घेवर की विशेष जलपान व्यवस्था की गई, जिसने आत्मीय वातावरण को और अधिक मधुर बना दिया।

कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आप सभी से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, श्याम शर्मा, पंडित ऋषभ शर्मा, डी एन कॉल, भूषण लाल, प्रेम त्यागी, विनोद पांडे, केशव सक्सेना, बृजेश सिंह, हरीश गौड़, सोनू शर्मा, शैलेंद्र सक्सेना, हरमीत बक्शी, मनोज मिश्रा, सुशील मशीन, मनोज भदोरिया, प्रमोद कुमार, एसपी तिवारी, अनीता राणा, मुनीश कसाना, निशा चौहान, प्रियंका सोलंकी आदि समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वसुंधरा की सोसाइटी में सीढ़ियां गिरने से आठ परिवार फंसे, राहत कार्य जारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन एरिया की वसुंधरा कॉलोनी के सेक्टर 17 की एक सोसाइटी में बारिश के चलते अपार्टमेंट की सीढ़ियां धंस गई। जिस कारण लोग बाल बाल बच गए। वहीं एक परिवार तीसरी मंजिल पर फंस गया है। जानकारी के अनुसार रविवार तड़के बारिश के चलते वसुंधरा सेक्टर 17 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट की सीढ़ियां धराशाई हो गई। घटना रविवार तड़के 4:00 के करीब हुई। गनीमत रही कि सीढ़ियां किसी के ऊपर नहीं गिरी वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। वसुंधरा सेक्टर 17 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में करीब 440 परिवार रहते हैं। इस सोसाइटी में चार मंजिले मकान बने हुए हैं। समिति के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष हितेंद्र चौहान ने बताया कि 100 नंबर ब्लॉक की तीसरी मंजिल की सीढ़ी बारिश से धराशाई हो गई है। हादसे के समय सभी लोग सो रहे थे। जिस कारण कोई हताहत नहीं हुआ। सीढी गिरने से फ्लैट में फंसे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। रेजिडेंट्स का कहना है कि सुबह 4:30 बजे जोरदार धमाका हुआ। ऐसा लगा कि बिल्डिंग का कोई हिस्सा गिर गया है। जब लोगों ने बाहर जाकर देखा तो सीढ़ियां नीचे आ गई है। पुलिस ने फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला।






### वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 9 दोपहिया वाहन बरामद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना साहिबाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया है। इनके कब्जे से कुल 09 चोरी के दोपहिया वाहन — 06 मोटरसाइकिल और 03 स्कूटी बरामद की गई हैं।

भडाना कट पर पकड़े गए आरोपी पुलिस के अनुसार, भडाना कट के पास चेकिंग की जा रही थी, तभी इन युवकों को रोका गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान इनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक (21 वर्ष) और कार्तिक पोनिया (19 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों साहिबाबाद क्षेत्र के रहने वाले हैं। रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों से मिलीं गाड़ियां पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी के कई वाहन रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में छिपाकर रखे गए थे। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर वहां से भी चोरी की कई बाइक बरामद कीं।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।